नई दिल्ली
शनिवार, 11 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 30
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 38
न्यून. 28

ढोल-दमाऊं की थाप...गर्म जल कुंडों में स्नान

## जय बाबा केदार

### अक्षय तृतीया पर खुले बाबा केदार के कपाट, चारधाम यात्रा की शुरुआत



**इतने रजिस्ट्रेशन?**

**केदारनाथ धाम** 7 लाख 83 हजार 107
**बद्रीनाथ धाम** 6 लाख 83 हजार 424
**गंगोत्री धाम** 4 लाख 6 हजार 263
**यमुनोत्री धाम** 3 लाख 56 हजार 134
**हेमकुंड साहिब** 4 लाख 8 हजार 41 लोग

**इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पत्नी बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए मौजूद रहे**

प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक हिमालय में बिराजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए

एजेंसी ▶▶ देहरादून

हर-हर महादेव के साथ उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए खुल गए हैं। प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक हिमालय में बिराजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए। मंदिर के कपाट खुलने के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पत्नी बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए मौजूद रहे। चारधाम के लिए अब तक 2276969 यात्री ऑनलाइन पंजीकरण ▶▶ शेष पेज 5 पर


### विधि विधान के साथ सुबह सवा छह बजे मां यमुना की डोली धाम के लिए हुई रवाना

शीतकालीन पड़ाव खरसाली से ढोल-दमाऊ की थाप और होम गार्ड के बैंड धुन के साथ सुबह सवा छह बजे मां यमुना की डोली धाम के लिए रवाना हुई। धाम पहुंचते ही मां यमुना की विशेष पूजा अर्चना के बाद विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में 10:29 बजे धाम के कपाट खोले गए। जानकीचट्टी से पांच किमी का पैदल मार्ग तय कर डोली यात्रा करीब 10 बजे यमुनोत्री धाम पहुंची। शुक्रवार तड़के ही यमुनोत्री धाम के कपाट उद्घाटन के लिए यमुना के शीतकालीन पड़ाव खरसाली खुशीमठ स्थित यमुना मंदिर में पूजा अभिषेक शुरू हो गया था। मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में सवा छह बजे मंदिर से मां यमुना की डोली बाहर लाई गई। जो अपने भाई शनि महाराज की डोली के साथ श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ यहां मां यमुना की विशेष पूजा अर्चना संपन्न की गई। इस अवसर पर धाम पहुंचे श्रद्धालुओं ने गर्म जल कुंडों में स्नान कर मां यमुना के दर्शन किए।



**आस्था व भक्ति को नई स्फूर्ति मिलेगी**

देवभूमि उत्तराखंड के पवित्र चार धाम यात्रा के शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बाबा केदारनाथ धाम समेत चारों धामों की यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक ऐसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा है, जिससे उनकी आस्था और भक्ति को नई स्फूर्ति मिलती है। इस यात्रा पर निकले सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। जय बाबा भोलेनाथ!







**कोर्ट ने पांच मिनट से कम की सुनवाई के दौरान केजरीवाल को अंतरिम राहत दे दी**

◆ बड़ी राहत : दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है, उन्हें 2 जून को सरेंडर करना होगा

# 50 दिन तिहाड़ में बिताने के बाद अब 21 दिन 'खुली हवा' में सांस लेंगे केजरीवाल

*सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी के उस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें केजरीवाल को 4 जून को परिणाम घोषित होने तक अंतरिम जमानत देने की मांग की गई थी। आदेश में केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोका नहीं गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है। केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पांच मिनट से कम की सुनवाई के दौरान केजरीवाल को अंतरिम राहत दे दी। दिल्ली के सीएम कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में 50 दिन से तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए गुरुवार को एक नया हलफनामा दायर किया था। ईडी ने कहा कि चुनाव प्रचार जमानत का आधार नहीं हो सकता। यह न तो फंडामेंटल राइट है और न ही लीगल राइट। केजरीवाल को जमानत मिलने पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कर अपने चाहने वालों को शुक्रिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

**तिहाड़ से शाम 6.55 बजे निकले आज करेंगे दो रोड शो**

*तिहाड़ जेल से शुक्रवार को शाम 6. 55 बजे बाहर आए सीएम केजरीवाल आज शनिवार को दो रोड शो करेंगे। पहला रोड शो ईस्ट दिल्ली के कृष्णानगर में शाम 5 बजे होगा इसके बाद शाम 7 बजे दक्षिणी दिल्ली के महरौली में रोड शो करेंगे।*

पत्नी सुनीता केजरीवाल बोलीं- हनुमानजी की जय..! ये लोकतंत्र की जीत

भाजपा ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिली है, फिर वहीं जाना है



**सीएम केजरीवाल को इन 5 शर्तों का करना होगा पालन**

- 50 हजार के निजी मुचलके पर जमानत
- मुख्यमंत्री दफ्तर नहीं जाएंगे और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे
- बिना उपराज्यपाल की अनुमति के किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे
- शराब नीति घोटाले में अपने भूमिका को लेकर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे
- किसी गवाह से संपर्क नहीं करेंगे

**ईडी का हलफनामा कानूनी प्रक्रियाओं की घोर अवहेलना**

केजरीवाल की कानूनी टीम द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में ईडी के हलफनामे को कानूनी प्रक्रियाओं की घोर अवहेलना बताते हुए कहा गया है कि हलफनामा उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना दाखिल किया गया। टीम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि इस संबंध में एक औपचारिक शिकायत उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री में दर्ज कराई गई है।

**224 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की ईडी ने**

केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई है। मगर ईडी ने एक बार फिर से एक बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने रॉउज एवन्यू कोर्ट में 224 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। 13 मई को रॉउज एवन्यू कोर्केजरीवाल के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले में सुनवाई करेगा।

**तानाशाही के खिलाफ हमें मिलकर करना है संघर्ष**

**मैंने कहा था न कि जल्दी आऊंगा : केजरीवाल**

आप लोगों के बीच में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कहा था न कि जल्दी आऊंगा और मैं आ गया। अब हम सबको मिलकर देश को तानाशाही से बचाना है। तानाशाही के खिलाफ हमें मिलकर संघर्ष करना है। देश के 140 करोड़ लोगों को इस तानाशाही से लड़ना पड़ेगा। तिहाड़ जेल से बाहर निकलने के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने यह बातें कहीं। साथ ही उन्होंने लोगों से यह निवेदन करते हुए कहा कि शनिवार को सुबह 11 बजे हम कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में मिलेंगे। सुबह हम हनुमान मंदिर जाकर भगवान हनुमान जी दर्शन करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। सुबह 11 हनुमान मंदिर में ज्यादा से ज्यादा लोग आना। हम सब मिलकर हनुमान जी का दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस होगीं। केजरीवाल ने कहा कि मैं सबसे पहले भगवान हनुमान जी के चरणों में वंदना करना चाहता हूं। हनुमान ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय



**नई दिल्ली।** दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पांच महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप तय किए। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने सह-अभियुक्त विनोद तोमर के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के लिए भी आरोप तय किए हैं। विनोद तोमर डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव हैं।

### भारत का जेनएआई मंच 'हनुमान' पेश




**बेंगलुरु।** भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' ऐप पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है। ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा। ऐप एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है।

**महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पटोले बोले**

## राम मंदिर का कराएंगे शुद्धिकरण कांग्रेस को 'सत्ता' में आने दीजिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने अयोध्या में बने राम मंदिर का शुद्धिकरण कराने की बात कही है।



▪ राम दरबार सही स्थान पर स्थापित करेंगे


मीडिया से बातचीत में शुक्रवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने के बाद अयोध्या के राम मंदिर का शुद्धिकरण कराया जाएगा। शंकराचार्य ने इसकी प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया था। इसलिए चारों शंकराचार्य राम मंदिर का शुद्धिकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि राम दरबार सही स्थान पर स्थापित किया जाएगा। वहां भगवान राम की मूर्ति नहीं, बल्कि रामलला के बाल स्वरूप को विराजमान ▶▶ शेष पेज 5 पर

**लोकसभा चुनाव का चौथा चरण**

## 10 राज्यों की 96 सीटों पर आज शाम 6 बजे थम जाएगा प्रचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश समेत 10 राज्यों की 96 सीटों पर 13 मई को चुनाव होना है।



▪ 13 मई को 1717 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

इसके लिए आज शाम 6 बजे प्रचार थम जाएगा। इस दिन मतदाता पांच केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व सीएम, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत 1717 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे, जिसका परिणाम 4 जून 2024 को आएगा। 13 मई को आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, तेलंगाना की 17, महाराष्ट्र की 11, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल की 8-8, ▶▶ शेष पेज 5 पर

**इनका ही इंतजार था....सैम पित्रोदा के बाद आखिर सामने आ ही गए मणिशंकर अय्यर**

## बोले-पाकिस्तान को इज्जत दे भारत, उसके पास परमाणु बम, कांग्रेस का बयान से फिर 'किनारा'

पाक में कोई सिरफिरा आया तो हम पर बम का इस्तेमाल कर सकता



**आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कह रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान को इज्जत देनी चाहिए।


हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके पास भी परमाणु बम है। कोई सिरफिरा आया तो हम पर इसका इस्तेमाल कर सकता है। एक सोशल मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में अय्यर ने कहा था- मुझे ये समझ नहीं आता कि नरेंद्र मोदी सरकार ये क्यों कहती है कि हम पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे, ▶▶ शेष पेज 5 पर

अनुराग ठाकुर का आरोप

**'विदेशी शक्तियों का हाथ' कांग्रेस के साथ**



केंद्रीय मंत्री सूचना प्रसारण अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम बार-बार खुलकर आता है। कांग्रेस नेता रहते हिन्दुस्तान में हैं दिल पाकिस्तान में रहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता पाकिस्तान और चीन की भाषा बोलते हैं। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है और वोट पाने के लिए पाकिस्तान का समर्थन मांगती है। यह सब दर्शाता है कि 'विदेशी शक्तियों का हाथ' कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि ये लोग सेना को कमजोर करना और परमाणु हथियारों को नष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में इतनी हिम्मत कि हिंदुस्तान की तरफ आंख उठाकर भी देखे। भारत जानता है कि मुंहतोड़ जवाब कैसे देना है।






## खबर संक्षेप

### शेयर मार्केट में प्रोफिट का लालच दिखाकर ठगी करने वाले तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट पर अच्छे प्रॉफिट का झांसा देकर लाखों की चीटिंग करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने किया है। गैंग के तीन आरोपियों को गुजरात में छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी चीटिंग की रकम को तुरंत अलग अलग एटीएम से निकालकर आपस में बांट लेते थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम भूपत, विपुलदान और चंद्रेश हैं। तीनों गुजरात के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। 23 मार्च को साध नगर, पालम निवासी शख्स ने 8.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की थी। छानबीन के दौरान पुलिस टीम ने टैक्निकल सर्विलांस और बैंक खाता नंबर और मोबाइल नंबरों की तफ्तीश की गई। आखिर में पुलिस टीम आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई और गुजरात में छापा मारकर इन्हें पकड़ा गया। इनके पास से सात मोबाइल, सिम आदि सामान बरामद किये गये हैं। जांच में पता चला कि आरोपी 26 लाख 50 हजार की चीटिंग के मामले में भी शामिल रहे हैं। पंजाब के रहने वाले एक शख्स को चूना लगाया गया था। इनके खातों में 30 लाख रुपए की ट्रांजेक्शन का भी पता चला है।

### सफाईकर्मी की पत्नी को 30 लाख का मुआवजा देने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 2017 में सिर पर मैला ढोते समय जान गंवाने वाले सफाईकर्मी की पत्नी को 30 लाख रुपये मुआवजा देने के एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया। दिल्ली सरकार के स्थायी वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि एकल न्यायाधीश के आदेश पर अमल करते हुए पत्नी को उसी महीने 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया था, जिस महीने उसके पति की मृत्यु हुई थी। वकील ने कहा कि इसलिए सुप्रीम कोर्ट का वह आदेश इस मामले लागू नहीं होगा, जिसमें सिर पर मैला ढोने के दौरान जान गंवाने वालों के आश्रितों को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया गया था। पीठ ने सरकार की अपील पर मृतक की पत्नी को नोटिस जारी किया, साथ ही अधिकारियों को उसे छह सप्ताह में बढ़ा हुआ मुआवजा देने का आदेश दिया। त्रिपाठी ने कहा कि चूंकि मुआवजे की राशि सरकारी राजस्व से दी जाती है, इसलिए लागू शासनादेश के अनुसार भुगतान हो जाने के बाद इस मुद्दे को खत्म कर दिया जाना चाहिए क्योंकि लागू शासनादेश के अनुसार जिन लोगों को पहले ही क्षतिपूर्ति मिल चुकी है, उनके लिए भी बढ़े हुए मुआवजे का भुगतान से भ्रम की स्थिति पैदा होगी। अदालत ने कहा, ₹आप इस मामले में राशि का भुगतान करें, हम देखेंगे। अपीलकर्ता (दिल्ली सरकार) के अधिकारों और तर्कों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उसे छह सप्ताह में बढ़ी हुई राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है।

### एक मृतक की कुछ दिन पहले हो गई थी युवक से मामूली झड़प , पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा

# तिगड़ी: तीन को चाकुओं से गोदा, दो किशोरों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण जिले के तिगड़ी थाना इलाके में तीन युवकों को चाकुओं से गोद डाला गया। इनमें दो की मौत हो गई। तीसरा अस्पताल में भर्ती है। मरने वाले दोनों किशोर थे। फिरोज और आसिफ की उम्र 17 वर्ष थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार वारदात की सूचना 8 मई को मिली थी। पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे जहां फिरोज निवासी संगम विहार सड़क पर खून से लथपथ मृत पड़ा मिला। इसके अलावा यह पता चला कि आसिफ और सलमान निवासी संगम विहार को भी चाकू मारा गया था। उन्में एम्स और मजीदिया अस्पताल ले जाया गया था।

बाद में एम्स में इलाज के दौरान आसिफ की भी मौत हो गई। तिगड़ी थाने में आईपीसी की धारा 302/307/323/341/148/149 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि 4-5 युवक सी-ब्लॉक, संगम विहार में खड़े थे। तभी अचानक 6-7 लड़के आए और उन्हें चाकू मारना शुरू कर दिया। इसके बाद सभी लड़के मौके से भाग गए। उनके से फरीद उर्फ अमन (19) और अभिषेक उर्फ बाबू उर्फ शूटर (19) को अरेस्ट कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार किए गए आरोपी युवकों ने खुलासा किया कि वे सभी सी एंड बी ब्लॉक, संगम विहार में एक ही इलाके में रहते हैं। सभी स्कूल छोड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि 7 मई को मृतक फिरोज की एक लड़के से मामूली झड़प हो गई थी। बदला लेने के लिए उसने कुछ अन्य लड़कों को साथ लिया और वारदात को अंजाम दिया। वारदात में शामिल अन्य लड़कों को जल्द पकड़ने के बात पुलिस ने कहीं है।

### अमन विहार: युवक की हत्या में दो नाबालिग समेत चार पकड़े

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिले के अमन विहार थाना इलाके में सनसनीखेज हत्या के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। मामले में दो नाबालिगों समेत चार को पकड़ा है। इनसे अपराध में प्रयुक्त दो चाकू और दो मोबाइल भी बरामद हो गये हैं। गिरफ्तार दो आरोपियों के नाम गणेश उर्फ एलेक्स और पुष्पेंद्र उर्फ गौरव है। डीसीपी गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने बताया कि 8 मई को अमन विहार के कैलाश विहार में एक लड़के को चाकू मारने के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। स्थानीय पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि पीड़ित 17 वर्षीय किशोर को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के लिये एक टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान यह सामने आया कि वर्तमान घटना पुरानी दुश्मनी का नतीजा थी। आसपास के लगभग 300-350 सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर दो आरोपियों गणेश उर्फ एलेक्स और पुष्पेंद्र को गिरफ्तार किया गया। इनके दो किशोर साथियों को भी पकड़ लिया गया।

## भाभी पर आया दिल तो कर दिया सगे भाई का कत्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नांगलोई पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस खुलासा किया है। आरोपी को बिहार से लगभग 1200 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पकड़ा जा सका। परमजीत मृतक का छोटा भाई था और भाभी को पसंद करता था। भाई की 10 माह पहले ही शादी हुई थी। डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार 4 मई को सुबह लगभग 8:59 बजे निहाल विहार और नांगलोई थाने को पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने बताया कि मेरे भतीजे का किसी ने गला काटकर मर्डर कर दिया है। पुलिस ए-286, राव विहार, गली नंबर 6, नांगलोई पहुंची तो अमरजीत नामक शख्स का शव बरामद हुआ। 30 वर्षीय युवक पिछले 10 साल से अपने चाचा लक्ष्मण के घर में रह रहा था। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान 250 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण किया गया। मृतक जोमेटो में डिलीवरी ब्वॉय था। 10 माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। मृतक की सीडीआर का विश्लेषण करने पर पाया कि भाई परमजीत पिछले सप्ताह में दो बार दिल्ली आया था। इसके बाद दोबारा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि घटना वाले दिन परमजीत मृतक के घर के पास मौजूद था। संदिग्ध परमजीत को पकड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई छापे मारे गए हैं। वह लगातार अपना स्थान बदल रहा था। आखिर में उसे बिहार से दबोच लिया गया। आरोपी ने खुलासा किया कि भाई अमरजीत की पत्नी गांव में ही रह रही थी। वह अपनी पत्नी को अपने साथ दिल्ली लाने का फैसला कर चुका था। इस फैसले से परमजीत नाराज हो गया और उसने अमरजीत पर अपने माता-पिता की देखभाल के लिए अपनी पत्नी को मूल स्थान पर छोड़ने का दबाव डाला लेकिन अमरजीत उससे सहमत नहीं हुआ। इसके बाद परमजीत ने अपने भाई अमरजीत की हत्या की योजना बनाई। दो मई को वह दिल्ली आया और भाई की दैनिक गतिविधियों को देखने के लिए नांगलोई के एक पार्क में रुका। इसके बाद उसने योजना को अंजाम देने के लिए एक चाकू खरीदा। अगले दिन वह सुबह-सुबह अमरजीत के घर गया। दरवाजे पहले से ही खुले थे इसलिए वह आसानी से घर में घुस गया और अपने सोते हुए भाई की गर्दन चाकू से काट दी।

## हर्ष विहार: मोबाइल लूट का विरोध करने पर की हत्या


### 14 घंटे के भीतर यूपी और हरियाणा में छापेमारी कर दबोचे तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में हुए मर्डर केस को पुलिस ने 14 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। इसके लिये यूपी और हरियाणा में छापेमारी की गई। इसके बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वारदात को मोबाइल लूट का विरोध करने पर अंजाम दिया गया था। पुलिस के अनुसार यह वारदात 7 मई की रात को सामने आई थी। एक शख्स को घायल हालत में जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जब पुलिस टीम अस्पताल पहुंची तो वहां बबलू सिंह नाम का शख्स मिला। उनसे बताया कि अपने पड़ोसी जगतपाल को घायल अवस्था में घर के बाहर पड़ा हुआ देखा था। इसके बाद तुरंत उसे अस्पताल लेकर आया। जांच में पता चला कि घायल जगतपाल मंडोली के मिलन गार्डन स्थित गली नंबर 2 में रहते थे। डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि मृतक के शरीर पर शार्प इंजरी है। उसके सीने पर बांयी तरफ वार किया गया था। डीसीपी डॉक्टर जॉय टिर्की के बताया कि आरोपी का नाम रोहित उर्फ रायता, मेजर और सूरज है। सूरज को हरियाणा के सोनीपत से और बाकी दो को यूपी से पकड़ा गया। इनसे चाकू, मोबाइल और वारदात के दौरान पहने गये कपड़े बरामद कर लिये गये हैं।

## दक्षिणी दिल्ली से अगवा की गई आठ वर्षीय बच्ची के साथ किया गया था यौन उत्पीड़न : पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली में आठ वर्षीय बच्ची का कथित तौर अपहरण कर यौन उत्पीड़न भी किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मामले में महरौली निवासी मोहम्मद उमर (28) नामक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि बच्ची को बचाकर उसके परिवार से मिलाने के बाद मेडिकल जांच के लिए भेजा गया जहां पीड़िता ने बताया कि उमर ने उसकी नाक की लौंग बेच दी और उसके लिए कुछ कपड़े एवं कुछ खाने का सामान खरीदा। आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया था। बाद में कानून के अनुसार पीड़िता की मेडिकल जांच अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में की गई। चिकित्सा रिपोर्ट (एमएलसी) में यौन उत्पीड़न की पुष्टि हुई।

अधिकारी ने कहा कि पीड़िता नेपाल की रहने वाली है और परिवार में केवल अपनी मां को ही पहचान सकती है। मामला छह मई को तब सामने आया जब पुलिस को दक्षिणी दिल्ली से एक लड़की के अपहरण के संबंध में एक पीसीआर कॉल आई। पुलिस ने बापू पार्क, उदय चंद मार्ग, कोटला मुबारकपुर, गुरुद्वारा रोड, साउथ एक्सटेंशन -1, पिलंजी गांव और अन्य स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। आरोपी को अंधेरिया मोड़ के झुग्गी झोपड़ी इलाके से पकड़ लिया गया तथा किशोरी को बचा लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने (आरोपी) पुलिस को बताया कि वह बच्चों के लिए खिलौने बनाता है और कोटला में कांच लेने आया था। वहां उसकी नजर उस किशोरी पर पड़ी और उसने उसका अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि जांच और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर हमने पाया कि आरोपी अपराधी नहीं है और उसका कोई आपराधिक इतिहास भी नहीं है। वह पिछले 15 वर्ष से एक ही स्थान पर रह रहा है, लेकिन हम हर पहलू से मामले की जांच कर रहे हैं।

### पॉक्सो की धाराएं जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

पुलिस ने कहा कि पीड़ित परिवार की शिकायत के अनुसार पहले भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 (अपहरण) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा,₹हमने आईपीसी और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धाराएं जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### अदालत ने बृजभूषण पर आरोप तय करने का आदेश दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को



आरोपमुक्त भी कर दिया। अदालत ने सिंह के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप तय करने का आदेश दिया। वह 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। उसने मामले में सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून को धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

## 27 ईमेल, 10 बैंक खाते : अभिनेता सोढ़ी के लापता होने का रहस्य गहराया!

**एजेंसी नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले अभिनेता गुरुचरण सिंह के लापता होने का रहस्य और भी गहरा गया है । दिल्ली पुलिस ने पाया कि किसी व्यक्ति द्वारा "निगरानी" किए जाने की आशंका के चलते अभिनेता 27 अलग-अलग ईमेल खातों का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, अभिनेता को निगरानी किए जाने का संदेह था, जिसके कारण वह अक्सर अपने ईमेल खाते बदलते थे। अभिनेता सिंह (51) को 22 अप्रैल की शाम को यहां से मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन वह अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे। पालम में रहने वाले उनके पिता ने उनसे फोन पर संपर्क नहीं होने पर स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि 26 अप्रैल को पालम पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 365 (भारत से बाहर ले जाने या गुप्त रूप से कैद करने के इरादे से अपहरण करना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने कहा कि एक पुलिस दल को अभिनेता के मोबाइल फोन से उनकी लोकेशन का पता लगाने का काम सौंपा गया है। अधिकारी ने कहा कि सिंह का मोबाइल फोन 22 अप्रैल की रात 9.22 बजे से बंद है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर, उनका अंतिम स्थान दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डाबड़ी में पता चला था, जहां वह आईजीआई हवाई अड्डे के पास से किराए पर लिए गए ई-रिक्शा में पहुंचे थे। अभिनेता दो मोबाइल फोन रखते थे लेकिन उनमें से एक को उन्होंने दिल्ली स्थित अपने घर पर छोड़ दिया था।

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**

**IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below**

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAS04107L | J SHAUKAT | DL1MB1215 | E416NCNB384146 | MC2EBJRC0NB504278 | EICHER PRO 2095 XP 22FT BS 6 | 2023 |
| DBO00003L | AJAY ROAD CARRIER | DL1LAJ0960 | 38SGI79JXX626339 | MAT810016N8J19699 | TATA LPT 709G/38 XD Bs6 | 2022 |
| DDF01397L | B RAJEEV | HR38AA5019 | 38SGI72KPY832205 | MAT505417K8K21353 | TATA LPT 407/27 EX BS IV | 2019 |
| DDF01853L | M BAL | DL1LAG9640 | SLTNG6CN275788 | MBUWEL4HCN0283849 | SARTAJ GS NGTC 3335 SHD CNG 75 14FT Bs6 | 2022 |
| DDV01707L | Ranjana Courier And Cargo Ser | DL1MA8071 | 3.8SGI79HYX623527 | MAT812028M5H11278 | TATA LPT 1109/49 CBC BS VI | 2021 |
| DDV02580L | S CHANDRA | UP14NT6384 | LYP1H12492 | MA1RD2LYKP6H31305 | MAHINDRA BOLERO MAXX CITY LX CNG BS6II | 2023 |
| DDZ02606L | R RAVI SINGH RATHOD | DL1MA0959 | 38SGI72DRY813357 | MAT507421J0E05599 | TATA LPT 909 BS IV | 2022 |
| DDZ02760L | P UPENDRA | DL1LAJ0719 | GNH040743P | MB1AA23E0NRFZ3720 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DED00528L | K ANIL | HR55AK3399 | E416NCMH359195 | MC2EBKRC0MH495313 | EICHER PRO 2095 XP 22 FT CBC CNG Bs6 | 2021 |
| DED00548L | C CHETRAM | DL1MA8183 | E416NCMH357264 | MC2EBJRC0MH494505 | EICHER PRO 2095XP 20FT CNG HSD BS VI | 2021 |
| DED00743L | MM MO ASLAM | DL1GE2242 | E426CCND392453 | MC2ESLRC0ND207624 | EICHER PRO2114XP CBC CNG BS6 22FT | 2023 |
| DGP01426L | SOMLAL TRANSPORT COMPANY | HR47E5526 | 3.3LNGD06EXX515560 | MAT767305N7E13227 | TATA 1212 LPT DCR 42 CBC 125 MS Bs6 | 2022 |
| DGP01625L | S MAKSOOD | HR55AP1807 | UKP1A80496 | MA1ZP2UKKP1A14815 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2023 |
| DGP01754L | D NEERAJ | HR55AR2928 | 3.3LNGD11HWX521008 | MAT843017P7H16195 | TATA LPT 1816 DCR 49 CBC Bs6 | 2023 |
| DSG00505L | S SANTOSH | HR55AN5632 | NDPZ129062 | MB1A3HCD8NACM9832 | ASHOK LEYLAND 1615 HE CBC SLR HSD BS VI | 2022 |
| DDZ03169L | P ANAND | DL1LAL6267 | LPH025513P | MB1AA23E8PRLH6945 | AL BADA DOST HSD LS I4 BS-6 | 2023 |
| DGP01339L | K DHARMENDA | HR55AL4761 | TNN1B44938 | MA1ZU2TNKN1B25765 | M&M BIG BOLERO PIK-UP CBC 1.7T PS BS VI | 2022 |
| DSG00307L | M CHANDULA DEVI | DL1LY1879 | E414NCHD139981 | MC2B7ERC0HD370035 | EICHER PRO 10.59 XP 14F H2 | 2022 |
| DDF01974D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1906 | E426CDMH359261 | MC2CASRF0MH072657 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF01983D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1889 | E426CDMH356494 | MC2CASRF0MH072123 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF01985D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1909 | E426CDMH356646 | MC2CASRF0MH072130 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DNC01871C | GOURAV | HR51CA7886 | K15BN1126046 | MA3BNC22SLG251747 | MARUTI ERTIGA SMART HYBRID VXI CNG BS VI | 2020 |
| UYN00730G | BRIJESH | UP38AT1086 | 700CCDI02BWXS28263 | MAT559029PVB12620 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UYN00665G | FAHIM | UP24AT6371 | LF4EP4X00113 | MD6M1LCF1P4E00051 | TVS KING ZD225 LC FI CNG Bs6 | 2023 |
| UYN00809G | MOHD | UP38AT1895 | 700CCDI02CWXS35520 | MAT559029PZC06643 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UHM02130G | DHARMENDRA | UP22AT0655 | 275IDI07BSYS19658 | MAT445553HZB06162 | ACE GOODS 0.75 TON | 2023 |
| UHM01865G | UPENDRA | UP38T8591 | 15CRAIL05CXXS43278 | MAT535313NYC14852 | TATA INTRA V30 BS VI | 2022 |
| UHK00295G | G RANI | UK19CA0533 | 275IDI07DPYS53237 | MAT445238KVD22000 | Tata Ace Ht Facelift Bs Iv | 2019 |
| UHK00572G | MOHD AZAM | UK19CA1087 | 1.5CRAIL05FXXS90866 | MAT535073NYF31231 | TATA INTRA V30 BS VI | 2023 |
| UHK00682G | POVEER DAS DAS | UK18CA7323 | 1.5CRAIL05KXXSD5385 | MAT535075NYK46038 | TATA INTRA V30 BSVI HIGHDECK LB | 2023 |
| DUB00180G | KHUSHNASEEB | UP12BT6031 | 800CCDI02GYXS54900 | MAT535305MYH33643 | TATA INTRA V10 AC BS Vi | 2021 |
| DUB00251G | ARUN | UP20BT0212 | G12BN1113767 | MA3EZLF1T00244574 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| UYN00599G | RAVI | UP24AT5444 | LF4AP4501303 | MD6M1LCF7P4A00270 | TVS KING ZS+FI CNG Bs6 | 2023 |
| UYN00388G | AALOK | UP24AT3220 | TBP0SE13003093 | MBX0006DF1E180941 | APE PAX CITY | 2022 |
| DMM03690G | RAHUL | UP11CT5133 | 700CCDI02AWXS01061 | MAT559029PYA00903 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DMM03686G | MOHD KASIF | UP15GT2763 | 700CCDI02CWXS29411 | MAT559029PYC10493 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DUZ01339G | IDRISH | UP12CT1941 | 700CCDI04EWXS61429 | MAT559029PZE11933 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2023 |
| DDA01589G | Ritika enterprises | UP16JT9855 | 275CNG17HXXSB6840 | MAT556006NVH48864 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DDA01590G | Ritika enterprises | UP16JT9854 | 275CNG17HXXSB6268 | MAT556006NVH48635 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DDA01552G | RICHPAL | UP14LT5395 | G12BN1105286 | MA3EZLF1T00242446 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DUZ01169G | SONU | UP12BT5519 | 800CCDI02GYXS54837 | MAT535072MYG27805 | TATA INTRA V10 | 2021 |
| DUS00263G | BINDER | UP19AT0599 | 275CNG17JXXSC2270 | MAT556002NVJ51211 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DUZ01112G | GUFRAN | UP15FT6086 | 275CNG17NYXSB0694 | MAT556002MVN57102 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAL01153G | AMIT | UP81DT3203 | AZXWNK11847 | MD2B25AX9NWK20036 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG Bs6 | 2022 |
| DAL01162G | DIGAMBAR | UP81DT3241 | 800CCDI02PYXSD9815 | MAT535072NYA00018 | TATA INTRA V10 BS VI | 2022 |
| DAL01674G | AKASH | UP81ET7213 | AZXWPF78612 | MD2B47AX1PWF92613 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DAM04793G | ARJUN CHAUKHELAL | UP85BT8581 | AZYWKE62872 | MD2B17AY4KWE09506 | BAJAJ MAXIMA Z CNG | 2021 |
| DAM05408G | VIRENDRA | UP86AT0523 | AZWNE52849 | MD2B17AX0NWE30235 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| DAM05946G | RAJESH | UP86AT1419 | G12BN1200703 | MA3EZLF1T00273236 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DAM06161G | DHARMENDRA | UP81ET4519 | G12BN1203307 | MA3EZLF1T00275899 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DAM06349G | AMIT KUMAR | UP86AT2102 | AZXWPC31286 | MD2B17AX8PWC67143 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DAM05846G | DINESH | UP85DT3702 | TD3CSH13013381 | MBX0007MF1J221861 | APE AUTO HT DX CNG Bs6 | 2023 |
| DAM05547G | DHARMENDRA KUMAR | UP85CT9997 | 275CNG17GXXS94080 | MAT556004NVG39888 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDB03394G | SONU | HR38AE8667 | AZXWNJ17298 | MD2B47AX1NWJ11978 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDB03553G | MANOJ | HR38AF7987 | 800CCDI04NXXSG3121 | MAT559007NZN30096 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DBR00644G | SUKHVINDER | DL1LAJ2711 | 275CNG17NXXSG3673 | MAT556002NVP68679 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAS00362G | TINKU | DL1LAE6449 | 275CNG17AYXK03640 | MAT556002MVA06019 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DAS01017G | AMIT | DL1LAL4666 | 275CNG18EWXS56630 | MAT556012PVE23837 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DDP02102G | PUNEET | HR38AG5202 | AZXWPD65362 | MD2B17AX3PWD71202 | BAJAJ MAXIMA Z CNG Bs6 | 2023 |
| DNG02539G | RAVI SHANKAR | DL1LAA5997 | 275CNG16PSYSD8579 | MAT445581HVP61053 | ACE GOODS 0.75 TON | 2022 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : New Delhi** **Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245**

### आबकारी नीति घोटाले से जुड़ा धनशोधन का मामला

# कविता की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी से अपना रुख बताने को कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अपना रुख बताने को कहा।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने जांच एजेंसी को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 24 मई की तारीख तय की। नेता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने अदालत से मामले की सुनवाई अगले सप्ताह ही करने का आग्रह किया और कहा कि इससे पहले अधीनस्थ अदालत में दायर कविता की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय का जवाब पहले ही दर्ज किया जा चुका है। दिल्ली की अधीनस्थ अदालत ने धन शोधन मामले में कविता की जमानत याचिका छह मई को खारिज कर दी थी। कविता ने अदालत के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा किउन्हें जवाब दाखिल करना होगा। मैं नोटिस जारी करूंगा। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उन्हें न्यायिक हिरासत से अपनी गिरफ्त में लिया था। अधीनस्थ अदालत ने छह मई को 'घोटाले' के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में भी उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह कथित घोटाला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति तैयार करने और उसे क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। अधीनस्थ अदालत ने कविता को राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में अनुकूल प्रावधान प्राप्त करने के लिए सह-आरोपियों के माध्यम से 'आप' (आम आदमी पार्टी) को अग्रिम धन का भुगतान करने के उद्देश्य से रची गई आपराधिक साजिश की मुख्य साजिशकर्ता के रूप में कविता की भूमिका प्रथम दृष्ट्या नजर आती है। बीआरएस नेता ने हाईकोर्ट में दायर अपनी जमानत याचिका में कहा है कि उनका आबकारी नीति से 'कोई लेना-देना' नहीं है और उनके खिलाफ 'केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने प्रवर्तन निदेशालय की सक्रिय मिलीभगत से' आपराधिक साजिश रची है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता और उन्हें उन गवाहों के बयानों के आधार पर फंसाया जा रहा है जिनकी विश्वसनीयता गंभीर संदेह के घेरे में है।

## खबर संक्षेप

### यादव ने तीन लोकसभा क्षेत्रों में उतारे 300 ऑटो रिक्शा, करेंगे कांग्रेस की गारंटियों का प्रचार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के प्रचार को तेज करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने उम्मीदवारों वाली तीन लोकसभा में 300 ऑटो रिक्शा प्रचार के लिए उतार दिए है। इस बारे में देवेंद्र यादव ने कहा कि प्रचार में तेजी लाने के लिए प्रत्येक लोकसभा में 100 प्रचार करने वाले ऑटो रिक्शा उतारे जा रहे है। यह ऑटो रिक्शा उत्तरी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट पर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों का प्रचार करेंगे। जिसमें हर ऑटो रिक्शा पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र के पांच न्याय और 25 गारंटी के संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। यादव ने कहा कि हम देश से तानाशाही और नफरती ताकतों को परास्त करने के लिए एकजुट हैं। राहुल गांधी की संविधान और लोकतंत्र को बचाने की न्याय की लड़ाई में दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा उम्मीदवार अपने-अपने क्षेत्र में ऑटो रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर प्रचार के लिए रवाना करेंगे।

### अक्षय तृतीया, भगवान परशुराम जयंती पर जगह जगह हुए आयोजन

नई दिल्ली। अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली में कई जगह आयोजन हुए व लोगों ने सोने चांदी के आभूषणों आदि की खरीदारी की। हवन पूजन के साथ ही अक्षय तृतीया के चलते लोगों ने माता लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर देव की पूजा अर्चना की, जगह जगह श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण किया। सनातन धर्म में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इस दिन अबूझ साया यानि शुभ अशुभ मुहूर्त देखे बिना विवाह जैसे आयोजन किए जाते है, क्योंकि अक्षय तृतीया अपने आप में बेहद शुभ दिन माना जाता है। विशेष रूप से भगवान विष्णु व श्री कृष्ण भगवान के मंदिरों में भजन कीर्तन हुए। श्रद्धालुओं ने जानवरों व पशु पक्षियों को दाना पानी दान किया।

### यह लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का है फल : सुनीता केजरीवाल

# मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत देने पर आप ने सुप्रीम कोर्ट का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के लिए, आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया है। 'आप' ने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। सीएम केजरीवाल लोकसभा चुनाव में प्रचार कर पाएंगे। कोर्ट के निर्णय पर सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। वहीं, पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे। अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं, एक सोच है और अब इस सोच को और तेजी के साथ आगे लेकर बढ़ेंगे। जबकि 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्यमेव जयते बताया।




#### सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं : संजय सिंह

सांसद संजय सिंह ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला आया है। लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए, अरविंद केजरीवाल को अंतरिम राहत देना एक बहुत ही स्वागत योग्य फैसला है। हम सब लोग इसका स्वागत करते हैं। अब पूरे देश में एक सकारात्मक वातावरण बनेगा। देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के अन्याय, अत्याचार और तानाशाही का अंत होगा। अब देश केजरीवाल का कमाल देखेगा। उन्होंने एक्स पर कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत है। तानाशाही का अंत होगा। अब देश केजरीवाल का कमाल देखेगा।

डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत है, सत्यमेव जयते। गोपाल राय ने कहा कि भाजपा और मोदी सरकार ने अरविंद केजरीवाल को जेल भेज कर चुनाव प्रचार से वंचित कर दिया था, सुप्रीम कोर्ट ने लोगों में उम्मीद की किरण जगाई है। केजरीवाल को बाहर आने से देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की चल रही हमारी मुहिम और तेज होगी।

#### देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का यह आखिरी मौका : आतिशी

आतिशी ने कहा कि जब जब देश का लोकतंत्र खतरे में आया है, तब-तब सुप्रीम कोर्ट ने उसकी रक्षा करने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई है। देशवासियों से अपील, देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का यह आखिरी मौका है, आप अपने वोट की ताकत से तानाशाही सरकार का अंत करें। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पीएमएलए में बिना सबूतों के लोगों को महीनों जेल में रखा जाता है, सीएम केजरीवाल को 40 दिन में जमानत मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं है। सीएम केजरीवाल पर हनुमान जी का आशीर्वाद है, वो बड़े मकसद के लिए, बाहर आ रहे हैं, जल्द ही देश में बड़े बदलाव दिखेंगे। प्रियंका कक्कड़ ने बताया कि भाजपा की ईडी ने सिर्फ लोकसभा चुनाव से दूर रखने के लिए कुछ बयानों के आधार पर अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला था। वहीं, जस्मीन शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला इस बात का संकेत है कि देश में कहीं न कहीं लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

### जमानत पर बाहर आना केजरीवाल के दोषमुक्त होने का प्रमाण नहीं : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भाजपा सम्मान करती है लेकिन अंतरिम जमानत मिलने का मतलब यह नहीं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपराध मुक्त हो गए हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने के मामले पर शुक्रवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि कभी कभी अपराधारियों को भी पैरोल पर छोड़ा जाता है और यह एक कानूनी प्रक्रिया है तो इससे यह प्रमाणित नहीं हो जाता कि अरविंद केजरीवाल जो करोड़ो रूपये के शराब घोटाले के मुख्य सरगना हैं, आज दोषमुक्त हो गए हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बात को समझ चुकी है कि दिल्ली में शराब घोटाला हो या फिर अन्य घोटाले, सब के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल हैं।

#### 'दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं आप नेता'

सचदेवा ने कहा कि सत्य थोड़ी देर के लिए बाधित हुआ है, पराजित नहीं क्योंकि सच्चाई यही है कि दिल्ली में हुए शराब घोटाले, युवाओं को नशे में धकेलने वाले और अपनी जेब भरने के लिए नई शराब नीति लाने वाले सिर्फ और सिर्फ अरविंद केजरीवाल हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता जिस प्रकार से ढोल नगाड़ों के साथ यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल दोष मुक्त हो गए हैं तो वह एक बार फिर से दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे हैं और उन्हें धोखा देने का काम कर रहे हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि चुनाव के लिए, शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के पास कोई स्थानीय मुद्दा नहीं है क्योंकि राज्य सरकार के तौर पर उन्होंने पिछले 10 सालों में कुछ नहीं किया इसलिए पहले केजरीवाल के जेल के अंदर बंद होने के नाम पर हल्ला मचाया और अब जेल से बाहर निकलने का एक भ्रमिक माहौल बनाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं जिसमें दिल्ली की जनता नहीं आने वाली हैं। आगामी चुनाव में सभी 7 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीतने वाले हैं।

### दिल्ली कांग्रेस ने कहा, बढ़ेगा लोकतंत्र में भरोसा

नई दिल्ली। न्यायालय द्वारा न्यायिक हिरासत में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम बेल दिए जाने को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकतंत्र पर विश्वास बढ़ाने वाला फैसला बताया है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत प्रदान करने के लिए उच्चतम न्यायालय की सराहना करता हूं। यादव ने कहा कि ऐसे फैसलों से हर वर्ग के लोगों का लोकतंत्र में और अधिक विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से कह रही है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और इसके नेताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं पर पूरी तरह से कब्जा कर रखा है। यही कारण है कि कई प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्रियों तक को जेल जाना पड़ा है। यादव ने कहा कि कांग्रेस व आप पार्टी के बीच लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन है। गठबंधन के तहत दोनों दल हर मामले पर एक दूसरे की मदद करते हुए कार्य करना है। दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर हमारी साझा जिम्मेदारी है।

### अब किस मुंह से जनता के सामने जाएंगे सीएम केजरीवाल : तिवारी

नई दिल्ली। विश्वसनीयता तो सीएम अरविंद केजरीवाल पहले ही खो चुके हैं और अब इस पर मुहर भी लग गई है। अब किस मुंह से जनता के सामने जाएंगे? उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने शुक्रवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर उक्त बातें कहीं। वहीं, भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने सुबह जनसंपर्क कर जन समर्थन मांगा तो शाम को दो सभाएं कर क्षेत्रीय जनता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज त्यागी, पूनम चौहान, विधायक अजय महावर, निगम पार्षद प्रमोद गुप्ता सहित कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने शामिल लोगों को संबोधित भी किया। तिवारी ने कहा कि दागदार छवि को लेकर सीएम केजरीवाल अगर जनता के बीच जाएंगे तो जनता शराब घोटाले सहित कई अन्य घोटालों का हिसाब मांगेगी और दिल्ली के करोड़ों नागरिक अपनी दुर्दशा के लिए जिम्मेदार केजरीवाल को अब अपने वोट की चोट से जवाब देंगे और उन गुनाहों का हिसाब करेंगे जो उन्होंने दिल्ली की जनता को दर्द देकर किए हैं।

### प्रति व्यक्ति आय में केवल 1.6 गुना हुई वृद्धि :भारद्वाज

नई दिल्ली। भाजपा सरकार में देश में महंगाई रिकॉर्ड तोड़ पर पहुंच रही है। प्रति व्यक्ति आय में केवल 1.6 गुना वृद्धि हुई जबकि खर्चा 2.6 गुना बढ़ गया है। पिछले 10 सालों में भाजपा ने महंगाई बढ़ाई और रोजगार बंद किया जिससे लोगों की कमर टूट गई। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विश्व स्तर पर भुखमरी सूचकांक का एक आंकड़ा सांझा कर भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि देश में 2014 से पहले जब भाजपा चुनाव लड़ती थी, तो उनका सबसे बड़ा नारा हुआ करता था, बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार। भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शासन में भारत भुखमरी के सूचकांक में विश्व स्तर पर 99वे स्थान से गिरकर 111वे स्थान पर आ गया है। बढ़े हुए दामों का पैसा किसानों की जेब में नहीं बल्कि पूंजीपतियों की जेब में जा रहा है। देश में भुखमरी का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है यह बेहद ही चिंता का विषय है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2011-12 में ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों का मासिक खर्च 1430 रूपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 3773 रुपए हो गया है, अर्थात 2011-12 के तुलना में लगभग 2.64 गुना खर्च बढ़ गया है। इसी प्रकार से शहरी क्षेत्र में 2011-12 में मासिक खर्च 2630 रुपए हुआ करता था जो 2022-23 में बढ़कर 6459 रुपए हो गया है अर्थात यह भी 2.45 गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि खर्चो की तुलना में यदि प्रति व्यक्ति की आय में वृद्धि को देखा जाए तो देश में जो प्रति व्यक्ति मासिक आय 2011-12 में 5050 रुपए हुआ करती थी, वह 2022-23 में बढ़कर 8187 रुपए हुई है अर्थात पिछले 10 सालों में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी केवल 1.6 गुना ही हुई है।

### इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कुलदीप के लिए कांग्रेस ने की बैठक

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन के तहत पूर्वी दिल्ली से आप पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में कृष्णा नगर जिला कांग्रेस ने एक बैठक की। बैठक में बैठक में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी, चुनाव प्रबंधन और कॉआर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, निगम पार्षद समीर मंसूरी, पूर्व पार्षद वरयाम कौर सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर आप व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाथ उठाकर शपथ दिलाई गई की गठबंधन के सातों उम्मीदवारों को विजयी बनाना है। इस बारे में कॉआर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन चौपड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की मजबूती के तहत सभी सातों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू पर वोट डालने के लिए जनता के समक्ष प्रचार करेगा। जबकि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस के हाथ के चुनाव चिन्ह पर वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे और स्वयं भी वोट डालेंगे। इस मोके पर मंत्री आतिशी ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली की सभी सातों सीटों पर एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार कर रहे है।



राजस्थान सरकार में मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने ईस्ट किदवई नगर में नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज के समर्थन में महिला सम्मेलन को सम्बोधित किया।

### प्लास्टिक का प्रयोग कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन


नई दिल्ली। प्लास्टिक का प्रयोग कम करने के लिए आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस में शुक्रवार एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यूनिवर्सिटी के एनएसएस सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। करीब 98 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया गया और उसे रिसाइक्लिंग के लिए एक स्थानीय संस्था को दे दिया गया। एनएसएस सेल के प्रोग्राम समन्वयक प्रो. वरुण जोशी ने इस अवसर पर कहा कि हमें सिंगल- यूज प्लास्टिक के प्रयोग से परहेज करना चाहिए क्योंकि यह प्लास्टिक कचरा का सबसे बड़ा स्रोत है। इसकी वजह से पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इन्वायरन्मेंट मैनेजमेंट की डॉ. अंशु गुप्ता ने इस अवसर पर देश में प्लास्टिक कचरा के फैलाव और उसके दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला।

### आरटीआई से खुलासा : दिव्यांग बच्चों के लिए एक भी स्थायी शिक्षक नहीं किया गया नियुक्त

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पिछले दस साल से शिक्षकों के दो हजार से ज्यादा पद खाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन के सरकार के बड़े-बड़े दावों के बीच एक आरटीआई से खुलासा हुआ है कि शिक्षकों के दो हजार से अधिक पद पिछले दस साल से खाली पड़े हुए हैं। इतना ही नहीं, पिछले दस सालों में पहली से पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए एक भी स्थायी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया। आरटीआई से यह बात सामने आयी है कि पिछले दस साल में विभिन्न कारणों से 5747 स्थायी शिक्षकों ने अपने पदों से इस्तीफा दिया लेकिन उनके एवज में केवल 3715 पदों पर ही शिक्षकों की भर्ती किया गया। स्थायी शिक्षकों के ये पद सेवानिवृत्ति, इस्तीफे, निधन, शैक्षणिक रूप से सेवानिवृत्ति और स्कूल से निकाले जाने जैसे विभिन्न कारणों के चलते रिक्त हुए थे। दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के जवाब में यह जानकारी मुहैया कराई है। निदेशालय से मिली जानकारी के मुताबिक, 2014 में कुल 448 शिक्षकों ने सरकारी



विद्यालयों को छोड़ा। वहीं 2015 में 411 शिक्षकों ने, 2016 में 458 शिक्षकों ने, 2017 में 526 शिक्षकों ने, 2018 में 515 शिक्षकों ने, 2019 में 519 शिक्षकों ने, 2020 में 583 शिक्षकों ने, 2021 में 670 शिक्षकों ने, 2022 में 667 शिक्षकों ने और 2023 में 950 शिक्षकों ने सरकारी विद्यालयों को छोड़ा। इस प्रकार पिछले दस सालों में शिक्षकों के 5747 पद रिक्त हुए। लेकिन इनके एवज में 2014 में नौ स्थायी शिक्षकों की, 2015 में आठ स्थायी शिक्षकों की, 2016 में 27 स्थायी शिक्षकों की, 2017 में 668 स्थायी शिक्षकों की, 2018 में 207 स्थायी शिक्षकों की, 2019 में 1576 स्थायी शिक्षकों की, 2020 में 127 स्थायी शिक्षकों की, 2021 में 42 स्थायी शिक्षकों की, 2022 में 931 स्थायी शिक्षकों की और 2023 में 120 शिक्षकों की भर्ती स्थाई रूप से हुई। इसके बावजूद 2032 पद अभी भी रिक्त हैं।

#### 15,021 अतिथि शिक्षक कर रहे काम

आरटीआई के अनुसार, दिल्ली के सरकारी स्कूलों में फिलहाल 12 फरवरी 2024 तक कुल 15,021 अतिथि शिक्षक काम कर रहे हैं। 'ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन' के अध्यक्ष एवं दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट ने वर्ष 2001 में एक आदेश में कहा था कि शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत में विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्ति शून्य होनी चाहिए लेकिन 23 वर्ष बीतने के बाद आज भी हजारों की संख्या में स्थायी शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं या उन पर अतिथि शिक्षक काम कर रहे हैं। अग्रवाल ने दावा किया कि सरकारी विद्यालयों में 15 से 20 फीसदी स्थायी शिक्षक मातृत्व अवकाश, अध्ययन अवकाश, चिकित्सा अवकाश आदि के चलते किसी न किसी कारण से छुट्टी पर रहते हैं और ऐसे में जरूरत है की अलग से शिक्षकों का एक वर्ग तैयार रखा जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। अधिवक्ता अग्रवाल ने कहा कि स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति एक बेहद गंभीर विषय है और कम से कम सरकार को 10 फीसदी शिक्षक अलग से भर्ती करने चाहिए।

#### एक सरकारी स्कूल का रिजल्ट सौ फीसदी से घटकर केवल 47 प्रतिशत रह गया

उत्तर पूर्वी दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले स्थाई शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ वक्त पहले तक उनके स्कूल का 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जो सौ फ़ीसदी हुआ करता था, आज वह घटकर 47 प्रतिशत रह गया है जिसकी वजह शिक्षकों की भारी कमी है। दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षकों के मामले में भी हालात ठीक नहीं हैं। आरटीआई से मिली जानकारी से पता चलता है कि पहली से पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए पिछले 10 वर्षों में 415 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई लेकिन हैरानी की बात यह है कि कोई भी स्थायी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में दसवीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए 'स्पेशल एजुकेशन टीचर' (एसईटी) की कुल संख्या 291 है, जिसमें 277 स्थायी और 14 अतिथि शिक्षक हैं। निदेशालय ने बताया कि छठी से 10वीं कक्षा तक के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 1712 शिक्षक मौजूद हैं, जिनमें से 937 अतिथि शिक्षक और 775 स्थायी शिक्षक शामिल हैं।

### तेज हवाओं के बावजूद सबसे गर्म रही सुबह, आज और कल बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली में तेज हवाओं के बावजूद शुक्रवार की सुबह रिकॉर्ड बेहद गर्म रही। जबकि मौसम विभाग ने शनिवार व रविवार को बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार की सुबह दिल्ली में तेज हवाओं के बावजूद पारा रिकॉर्ड 27.7 डिग्री दर्ज हुआ, यह सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार पहाड़ों पर सक्रिय हो रहे एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से तेज हवा तो चल रही है। किंतू तापमान अब भी सामान्य से ऊपर ही चल रहा है। यही कारण है कि तेज पूर्वी हवाओं के बाद भी दिल्ली की सुबह इस इस मौसम की गर्म दर्ज हुई। दिन में आसमान पर आंशिक बादल तो देखने को मिले लेकिन देर रात तक कहीं बूंदाबांदी की खबर नहीं मिली। जबकि दिन का अधिकतम तापमान सामान्य स्तर पर 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार अगले दो दिन तक दिल्ली वालों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। पारा भी दो से तीन डिग्री नीचे आस सकता है। जबकि गुरुवार से एक बार फिर मौसम का कड़ा तेवर देखने को मिल सकता है।

## महिला शक्ति को बढ़ावा देने के लिए भाजपा ने किया हमेशा कार्य : दिया कुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश में एक ऐसी सरकार है जिन्होंने महिला शक्ति को बढ़ावा देने के लिए हमेशा कार्य किया है, यही नहीं राजनीति से लेकर समाज के किसी भी कार्य में महिलाएं आगे हैं तो वह सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी की दुरगामी सोच का परिणाम है। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को पश्चिम दिल्ली संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में केशोपुर में विशाल महिला सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में कमलजीत सहरावत एक महिला के तौर पर आप सभी नारी शक्ति के लिए एक सम्मान की बात है। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के अलावा प्रतिष्ठित महिला वकील, डॉक्टर, कवि, उधमी एवं शिक्षक आदि सम्मलित हुए। दिया कुमारी ने कहा कि देश के किसी भी राजनीतिक पार्टी में अगर नारी शक्ति सम्मान करना आता है तो वह



■ राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पश्चिम दिल्ली में महिला सम्मेलन को किया सम्बोधित

भाजपा है क्योंकि बाकी पार्टियों में तो नारी को सिर्फ वोट की संख्या के रुप में देखा जाता है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देश में महिलाओं के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। वहीं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली ही नहीं देश भर में एक इंडिया गठबंधन है जिसमें शामिल सभी पार्टियों सिर्फ अपनी-अपनी राजनीतिक लाभ के लिए एक-दूसरे के साथ मिले हुए हैं क्योंकि वे सभी भ्रष्टाचारियों का एक गिरोह है। दिल्ली महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा ने सम्मेलन की अध्यक्षता की।

# जनता के भीतर बीजेपी के प्रति निकल रहा लोगों का रोष: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जनता के भीतर बीजेपी के प्रति जितना रोष है, कांग्रेस के लिए उतना ही उत्साह है। मौजूदा सरकार से सिर्फ बदमाश, भ्रष्टाचारी और नशे के कारोबारी खुश हैं। बाकि जनता बीजेपी की नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में भाजपा छोड कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का तांता लग रहा है। हुड्डा शुक्रवार को अपने निवास पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस के फरीदाबाद लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में फरीदाबाद नगर निगम के एक दर्जन निवर्तमान पार्षदों ने भाजपा छोडक़र कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान कर दिया। सभी निवर्तमान पार्षदों को कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कांग्रेसी पटका पहनाकर उन्हें विधिवत कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराकर उन्हें पार्टी में पूरा सम्मान देने का आश्वासन देते हुए उनसे पार्टी प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह के चुनाव प्रचार में जुट जाने की अपील की। कांग्रेस में शामिल होने वाले निवर्तमान पार्षदों में दीपक चौधरी, राव महेंद्र, ऋषि चौधरी, महेंद्र सरपंच, कैलाश बैंसला, हेमा बैंसला, जयवीर खटाना, शीतल खटाना, ब्रह्मवती खटाना, ओमवती कंवर के पति निहाल पहलवान, संदीप भारद्वाज, विकास भारद्वाज आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही बीजेपी के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। ना ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। जबकि कांग्रेस अपने विकास कार्यों और घोषणापत्र के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद सीट पर निगम पार्षदों की भगदड़ मच गई है। इसी का परिणाम है कि करीब एक दर्जन निवर्तमान पार्षदों ने कांग्रेस का दामन थामने की घोषणा की है और कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप का हाथ थामा है। कांग्रेस में शामिल होने वाले इन पार्षदों का कहना है कि वह नगर निगम में लूट और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं। इसलिए कांग्रेस का साथ दे रहे हैं। कांग्रेस ने भी स्थानीय निकायों को तंग नहीं किया और पार्षदों के अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला हो गया और उनकी आवाज तक नहीं सुनी जा रही है। विकास कार्यों के बारे में उनकी सुनी नहीं जा रही है। सरकार की निरंकुशता के खिलाफ हमारे पास महेंद्र प्रताप का समर्थन करने के अलावा कोई रास्ता ही नहीं बचा था। हम इस चुनाव और इसके बाद राष्य में निरंकुश भाजपा शासन को बदलने जा रहे हैं।पूर्व पार्षद कैलाश बैंसला व निवर्तमान पार्षद हेमा बैंसला ने बताया कि उनके अपने गांव में करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नाला कागजों में बन गया और उसकी पेमेंट भी हो गई। ऐसा भ्रष्टाचार हमने जीवन में नहीं देखा। इसलिए हमने परिवर्तन का निर्णय लिया है। सभी निवर्तमान पार्षदों ने लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह को आश्वासन दिया कि वह एक अभियान चलाकर भाजपा की सषाई लोगों के समक्ष रखकर कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताएंगे। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने फरीदाबाद में जो बदलाव की शुरूआत की है वह उसे और बढ़ाएं और कांग्रेस के प्रचार अभियान में जुट जाएं।



## लोग क्यू ऐप से ले सकेंगे मतदान केंद्रों की जानकारी

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग व जिला प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ रहा। हर मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने व मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों के तहत ही क्यू ऐप मैनेजमेंट लॉंच किया गया है, जिसकी सहायता से मतदाता घर बैठकर ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन की जानकारी हासिल कर सकेंगे। वोटर इन क्यू ऐप की सहायता से जानकारी हासिल कर मतदाता सुविधानुसार मतदान कर सकते हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा में पिछले लोकसभा चुनाव में हुए 70 प्रतिशत मतदान को इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

## मामले के दो अन्य आरोपी गिरफ्तार, दरोगा घायल

# टाटा स्टील के सेल्स हेड की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

साहिबाबाद पुलिस ने शुक्रवार की तड़के पांच बजे टाटा स्टील के मालिक की लूट के बाद हत्या करने वाले बदमाश को अर्थला इलाके में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया,जबकि उसका दूसरा साथी फरार हो गया। इस दौरान बदमाश की गोली लगने से एक दरोगा मंगल सिंह भी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वाले बदमाश की पहचान दिल्ली के सीलमपुर निवासी अक्की उर्फ दक्ष के रूप में हुई है। बाद में शालीमार गार्डन पुलिस ने इसी मामले में वांछित दो अन्य आरोपी लव व कुश को भी गिरफ्तार कर लिया।

संयुक्त पुलिस आयुक्त दिनेश नकुमार पी ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि तीन मई को टाटा स्टील के सेल्स हैड विनय त्यागी की लूट के बाद बदमाशों ने उस समय चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी थी जब वह अपने गुरुग्राम स्थित कार्यालय से लौट रहे थे। इसके बाद शालीमार विनय त्यागी का शव साहिबाबाद क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में नाले में मिला था। तभी से पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी। साथ ही कई टीमों का गठन भी किया गया था।उन्होंने बताया कि आज तड़के पांच बजे थाना साहिबाबाद के अर्थला क्षेत्र में साहिबाबाद पुलिस की सूचना के आधार पर अर्थला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली से एक दरोगा घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने जवाबी करवाई की। जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में ले जाएगा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान अक्की उर्फ दक्ष के रूप में हुई जो सीलमपुर का रहने वाला है। जबकि इसका एक साथी फरार हो गया। आरोपी 4 मई 2024 को थाना शालीमार गार्डन इलाके में विनय त्यागी की हत्या में वांछित था। इसके कब्जे से एक लूटा हुआ मोबाइल फोन व एक अवैध असलहा बरामद किया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने भौपुरा बार्डर के पास चेकिंग के दौरान विनय त्यागी हत्याकांड में वांछित दो बदमाशों युग घई व लव कुश को गिरफ्तार किया गया।



### लैपटाप व बैग बरामद

उनके पास से विनय त्यागी के छिनैती व हत्या में प्रयुक्त मोटर साइकिल व उससे लूटे गये लैपटाप लैनोवो व लैदर का पिट्ठू बैग बरामद हुआ। आरोपी लवकुश ने बताया कि वह लोअर पैन्ट बनाने का काम करता है कई वर्षों से वह स्मैक के नशे का आदी हो गया है। उसके दोस्त युग घई उर्फ प्रिंस व दक्ष उर्फ अक्की व आमिर भी नशे के आदी हैं। इसी नशे की लत के कारण ये लोग प्रायः छिनैती करते रहते हैं।

तीन मई रात्रि को भी ये चारों सीलमपुर दिल्ली में मिले और सभी ने स्मैक का नशा किया और छिनैती करने के इरादे से दिलशाद गार्डन की तरफ आये जब वहां कोई ऐसा नहीं मिला। जब ये आगे बढकर राजेन्द्र नगर की ओर चले आये थोडी देर तक घूमने फिरने के बाद एक व्यक्ति पिट्ठू बैग पीठ पर लटकाकर जाता हुआ दिखायी दिया। ये लोग उसको छिनैती के इरादे से उसके पास पहुंचे और उसे चाकू व पिस्टल दिखाकर मोबाइल व पिट्ठू बैग छीनने का प्रयास किया और उसी समय चारों ने उसे पकड़कर चाकू मार दिया और उसका सामान छीन कर भाग गये। यह भी बताया कि हमारा साथी अक्की बहुत ही शातिर किस्म का है वह अपना असली नाम पता कभी नहीं बताता न ही वह कभी अपनी कोई फोटो खिचवाता है एक जगह पर ज्यादा नहीं ठहरता जगह बदल बदल कर रुकता है मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता उसने कभी अपने मां बाप घर या रिश्तेदारों के बारें कभी किसी को नहीं बताया बस यह कहता है कि मैं अनाथ हूं। शाम के समय वह हमें स्टैंण्ड के पास स्मैक पीने के लिए मिलता है।

# दलित वर्ग को बरगलाने का काम कर रही कांग्रेस

- देश में धर्म के आधार पर नहीं दिया जा सकता आरक्षण
- मैं बात का पक्का, जो कहता हूं करता हूं



रेवाड़ी/गुरुग्राम। गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह का स्वागत करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी/गुरुग्राम

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने आज कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश के विकास पर कांग्रेसी बहस नहीं करते, इसलिए उन्होंने अब दलित वर्ग को बरगलाने के लिए संविधान बदलने का शगूफा छोड़ा है। भाजपा सरकार की संविधान बदलने की मंशा होती तो फिलहाल बहुमत में है और बदल सकती थी। लेकिन ऐसा न ही किया है और न ही होगा। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में भी भाजपा सरकार संविधान नहीं बदलेगी, लेकिन इतना जरूर है कि आरक्षण केवल संविधान के आधार पर दिया जाएगा, मजहब के नाम पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। वे शुक्रवार को अपने चुनावी दौरे के दौरान गांव हांसका, मसानी, धारूहेड़ा शहर, महेश्वरी, कापडीवास ट्रक यूनियन जोनियावास सहित करीब दर्जन भर ग्रामीण सभाओं को संबोधित कर रहे थे। गांवों में राव का जोरदार स्वागत किया गया। हांसाका व मसानी में युवा टीम उन्हें मोटर साइकिल के काफिले से सभा स्थल तक लेकर गए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राव ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर काम करती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की शान है। इस अवसर पर अनेक गांवों के सरपंच जिला परिषद , ब्लॉक समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बस की टक्कर से बाइक सवार फौजी की मौत, बेटा गंभीर

**हरिभूमि. गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में निजी बस की टक्कर से बाइक सवार फौजी की मौत हो गई। जबकि फौजी का बेटा गंभीर रुप से घायल हो गया। बेटा अपने पिता को छुट्टी खत्म होने के बाद बिलासपुर बस स्टैंड छोडऩे जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव राठीवास के कपूर सिंह ने कहा कि राठीवास निवासी 40 वर्षीय संजीत आर्मी में थे। वह एक महीने की छुट्टी के बाद वीरवार की रात वापस ड्यूटी पर जा रहे थे। उनका बेटा विशांत बाइक से उन्हें बिलासपुर बस स्टैंड छोडऩे जा रहा था। जबकि बाइक को संजीत चला रहे थे। बिलासपुर चौक पर हाईवे पर जयपुर की ओर से आई निजी बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं हादसे के बाद चालक बस समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रुप से घायल हुए पिता-पुत्र को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने संजीत को मृत घोषित कर दिया।

## ससुराल में बंधक बनाए जाने पर पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

**हरिभूमि. गुरुग्राम।** ससुराल वालों द्वारा बंधक बनाकर मारपीट करने व जान से धमकी देने पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से आरोपियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में कहा है कि आरोपियों से उसे व उसके परिवार की जान को खतरा है। पुलिस कमिश्नर गुड़गांव को दी शिकायत में गुड़गांव के अशोर विहार फेज-3 में रहने वाले पीड़ित राहुल कुमार ने कहा कि वह बीती 1 मई को अपनी ससुराल फरीदाबाद के मोहना गया था। जब वह वहां पहुंचा तो उसके ससुरालजनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए तीन दिन तक बंधक बनाए रखा। आरोपियों में शामिल खुद को गैंगस्टर और ईनामी बदमाश बताने वाले जयवीर ने उसे जान से मारने की धमकी दी। जयवीर ने हथियार दिखाते राहुल को व उसके परिवार को मारने की धमकी दी। जैसे-तैसे राहुल खुद को छुड़ाकर वहां से अपने घर पहुंचा।

## प्रथम सोनाली यादव टी-20 विमेन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**फरीदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेट कीपर एवं पूर्व टेस्ट क्रिकेटर विजय यादव द्वारा महिला क्रिकेट को प्रमोट करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया प्रथम सोनाली यादव टी-20 विमेन क्रिकेट टूर्नामेंट की रंगारंग शुरूआत हुई। टूर्नामेंट का शुभारंभ रजत भाटिया द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में छह टीमें शिरकत कर रही है। टूर्नामेंट का समापन पूर्व महिला क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए प्रबंधक अनिकेत ने बताया कि टूर्नामेंट में फरीदाबाद, डीपीजी गुरुग्राम, एसआरएस एनसीसी सुलतानपुर, गार्गी कालेज दिल्ली, बाऊंस क्रिकेट क्लब नोएड़ा तथा नालंदा क्रिकेट एकाडमी गाजियाबाद की टीम शिरकत कर रही है। छह टीमों को दो पूलों में बांटा गया है तथा फाइनल मैच डे नाइट होगा।

## राजौरी गार्डन में कार डीलर से 20 लाख की रंगदारी का केस सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजौरी गार्डन के कार डीलर से 20 लाख की रंगदारी मांगने वाले शख्स को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। आरोपी गत दिनों तिलक नगर में फायरिंग का फायदा उठाकर वसूली करना चाहता था। इसकी पहचान करण ढींगरा के रूप में हुई है। वह रानी बाग के ऋषि नगर का रहने वाला है।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 8 मई को इस मामले को लेकर राजौरी गार्डन में कार शोरूम मालिक के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। बताया गया कि पहले पोर्टर के ड्राइवर द्वारा डिमांड की एक पर्ची भेजी गई थी। जिसमें 20 ला\ख रुपये की डिमांड पूरी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। उसके बाद दो बार फोन पर भी धमकी दी गई। कहा गया कि अपनी जान बचाना चाहते हो तो 20 लाख रुपए तुरंत दे दो। राजौरी गार्डन पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस के साथ साथ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की इकट्ठा किये गये। आखिर में पुलिस करण ढींगरा तक पहुंचने में कामयाब हो गई। पूछताछ में पता चला कि उसे तिलक नगर में कार डॉलर के ऑफिस पर फायरिंग की जानकारी थी। उसने कार डीलरों में वारदात के खौफ का फायदा उठाने की योजना बनाई थी। आरोपी चोरी के दो मामलों में शामिल रहा है।



## फरीदाबाद में चलती ट्रेन से गिरा युवक, घायल

**फरीदाबाद।** ट्रेन के दरवाजे पर बैठकर सफर करते समय नींद आने से एक युवक चलती ट्रेन से रेलवे ट्रैक पर जा गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना गुरुवार देर शाम की है। यह हादसा न्यू टाउन फरीदाबाद और बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। मामले में जानकारी देते हुए घायल आदित्य के पिता चुन्नीलाल ने बताया कि वह अपनी बेटे आदित्य, छोटे बेटे विष्णु के साथ उत्तर प्रदेश के बांदा का रहने वाला है और इलाहाबाद से आने वाली ट्रेन में सवार होकर आ रहे थे। उन्हें निजामुद्दीन उतरकर राम विहार जाना था। जहां पर वह मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। वह अपने बच्चों के साथ रात का सफर तय करते हुए ट्रेन में सही सलामत आ रहे थे कि पता नहीं कब उनका बड़ा बेटा आदित्य ट्रेन के दरवाजे पर जाकर बैठ गया और अचानक से उसे नींद आ गई, जिसके चलते वह गिर गया।

# क्लीनिक चलाते फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

खेडीपुल थाना पुलिस प्रबंधक की टीम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए फर्जी क्लीनिक चलाते हुए डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सत्यजीत है। आरोपी खेडीपुल की यमुना इंक्लेव धीरज नगर पार्ट-2 का रहने वाला है। आरोपी ने बंगाली हेल्थ सेंटर के नाम से क्लीनिक खोल रखा है। आरोपी के खिलाफ सीएचसी खेडी कलां पर एक शिकायत प्राप्त हुई जिस पर पर कार्रवाई करते हुए एक डॉक्टर नीरज कौशिक (एम.ओ.) के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई के साथ थाना पुलिस टीम शामिल थी। बनाई गई टीम ने बंगाली क्लीनिक पर जाकर सत्यजीत से क्लीनिक संबंधी दस्तावेज मांगी तो आरोपी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। जिसे मेडिकल टीम ने पुलिस टीम की सहायता से मौके पर ही काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ सिविल सर्जन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी पिछले 1 साल से क्लीनिक चला रहा है। आरोपी ने कंपाउंडर का काम सीखा था उसके बाद अपना क्लीनिक चला रहा था। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## फरीदाबाद में देशी शराब की 1056 बोतल बरामद

**फरीदाबाद।** थाना धौज प्रबंधक शिवचरण की टीम पुलिस चौकी मांगर ने शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गाडी में अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बब्लू निवासी गांव खेडा कोरई जिला आगरा उत्तर प्रदेश हाल में डीएलएफ फेज 3 गुरुग्राम का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस चौकी मांगर इंचार्ज सतीश कुमार की टीम ने नाका लगाकर आरोपी को चेकिंग के दौरान यूनाईटिड पैट्रोलियम पम्प के पास से गाडी में शराब की बोतल सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 1056 देशी शराब मार्का रसीला संतरा की बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना धौज में शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शराब को फरीदाबाद से खरीद कर दिल्ली में पैसे कमाने के लालच में सप्लाई करता है। आरोपी पर पूर्व में गुरुग्राम में भी शराब तस्करी का मुकदमा दर्ज है।

# मोटरसाइकिल सहित दो वाहन चोर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

थाना पल्ला पुलिस प्रबंधक समेर सिह की पुलिस टीम पुलिस चौकी नवीन नगर ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज और सुशांत सिंह का नाम शामिल है। आरोपी नीरज सपेरा बस्ती मोलडबंद दिल्ली का तथा आरोपी सुशांत सिंह गांव बिछमा जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल जैतपुर दिल्ली का रहने वाला है। दोनों आरोपियो को पुलिस चौकी नवीन नगर इंचार्ज अमरजीत की टीम एएसआई अशोक, मुख्य सिपाही सत्यवान की टीम ने मौका दुर्गा बिल्डर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बरामद मोटरसाइकिल नवीन नगर एरिया से चोरी की गई थी। जिसका मुकदमा थाना पल्ला में दर्ज है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए आए थे। आरोपी नशा करने के आदी है नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते है जो दोनों ने दिल्ली में 10-12 वारदातों को अंजाम दिया है जिनका पुलिस में कोई रिकॉर्ड नहीं है।



## एमसीडी और डीडीए को हाईकोर्ट का निर्देश

# ‘सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग सेंटर को बंद करें’

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को अग्नि सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा की पीठ ने इससे पहले वकीलों की एक टीम द्वारा मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर का निरीक्षण का आदेश दिया था। पीठ ने प्राधिकारियों से परिसर के बाहर स्थापित बिजली के उन उपकरणों को अन्य जगह स्थानांतरित करने के लिए भी कहा, जो जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते हैं। यह आदेश क्षेत्र में कोचिंग सेंटर के संचालन को लेकर दायर कई याचिकाओं पर आया। इन याचिकाओं में जून 2023 में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया गया एक मामला भी शामिल है। न्याय मित्र गौतम नारायण ने अदालत को बताया कि निरीक्षण अप्रैल में दो मौकों पर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षणों से पता चला कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जिन कुछ कोचिंग सेंटर को बंद करने का दावा किया था, वे अभी भी एक नए प्रबंधन के तहत या नाम से चल रहे हैं। नारायण ने कहा कि ये परिसर अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रहे और एक मामले में, प्रवेश द्वार पर ही बिजली का एक बोर्ड लगा पाया गया, जिससे आग लगने की स्थिति में रास्ता अवरुद्ध हो सकता है। अदालत ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बंद करने के अदालत के पहले के निर्देश के बावजूद ऐसे कोचिंग सेंटर पर ध्यान देने में विफल रहने के लिए एमसीडी की खिंचाई की और उसे उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



## साइबर ठगी में शामिल बैंक कर्मी सहित तीन धरे

**गुरुग्राम।** स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करवाकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने बैंक कर्मी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों को आगामी पूछताछ व बरामदगी के लिए अदालत में पेश करके पुलिस हिरासत रिमांड पर लेगी। दरअसल, बीती 17 अप्रैल को एक व्यक्ति ने थाना साइबर क्राइम ईस्ट में शिकायत दी थी। जिसमें कहा गया कि जालसाजों ने अच्छे रिटर्न का प्रलोभन देकर स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करने के नाम पर उससे करीब 44 लाख 57 हजार रपए की ठगी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। दरअसल, एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के निर्देशानुसार कार्य करते हुए साइबर क्राइम ईस्ट के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सवित कुमार की टीम ने कार्यवाही करते हुए एक बैंक कर्मचारी सहित तीन आरोपियों को जयपुर, राजस्थान से काबू कर लिया। जिनकी पहचान जयपुर निवासी देवेंद्र शर्मा, इमरान व हसरत अली उर्फ हैप्पी के रूप में हुई।

# निजामुद्दीन में डॉक्टर की हत्या से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन इलाके में शुक्रवार शाम एक डॉक्टर की हत्या कर दी गई। डॉक्टर योगेश चंद्र पॉल (63) के हाथ बंधे हुए थे। शव पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस का शुरुआती तफ्तीश के बाद कहना है की लूट के साइन घर में मिले है।

डीसीपी राजेश देव ने बताया कि शाम लगभग 6.50 बजे डीडी नंबर 63ए के माध्यम से सी-14, जंगपुरा एक्सटेंशन में हत्या के संबंध में एक पीसीआर कॉल की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों सहित पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। मृतक की पहचान डॉ. योगेश चंद्र पॉल के रूप में की गई। वह पेशे से एक सामान्य चिकित्सक थे। वह उपरोक्त पते पर अपनी पत्नी डॉ. नीना पॉल, जो दिल्ली सरकार में डॉक्टर हैं के साथ रहते थे। शव किचन में मिला। मौके पर क्राइम टीम के साथ फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। कमरों में लूटपाट के भी संकेत मिल रहे हैं। प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपियों ने घर में लूटपाट की और डॉ. पॉल को मार डाला। आगे की जांच की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से वाहन में सवार बालक समेत तीन की मौत, आठ घायल

**गोंडा (उप्र)।** गोंडा जिले में शुक्रवार को वजीरगंज थाना इलाके में एक ट्रक की टक्कर में एक वाहन (स्कॉर्पियो) सवार एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने बताया कि जिले के नगवा ग्राम पंचायत निवासी माता दीन शुक्रवार को परिजनों व रिश्तेदारों के साथ एक बच्चे का मुंडन कराने के लिए स्कॉर्पियो से अयोध्या गए थे।

### देवरिया में सिलबट्टे से प्रहार कर पत्नी और बेटी को मार डाला

**देवरिया (उप्र)।** देवरिया जिले के मईल इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और 12 वर्षीय बेटी पर कथित रूप से सिलबट्टे से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मठिया माफी गांव का निवासी बबलू कुमार (50) पंजाब के लुधियाना में एक निजी कंपनी में काम करता था लेकिन पिछले सात-आठ महीने से घर पर ही था और शराब का आदी हो गया था। बरहज के पुलिस क्षेत्राधिकारी आदित्य गौतम ने बताया कि शराब पीने को लेकर उसका अपनी पत्नी दुर्गा देवी (40) से विवाद होता रहता था।

### अदालत ने सेना भूमि बिक्री मामले में आदेश सुरक्षित रखा

**रांची (भाषा)।** झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की एक रिट याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने सेना की भूमि बिक्री मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से दस्तावेज मांगे हैं। अदालत ने रंजन की अर्जी पर सुनवाई की, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि खुद का बचाव करने के लिए ईडी के पास मौजूद कुछ दस्तावेजों की उन्हें आवश्यकता है। रंजन ने ईडी की विशेष अदालत एवं एक निचली अदालत के समक्ष याचिका दायर की थी, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

### पीलीभीत में सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत

**पीलीभीत (उप्र)।** पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिया से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बिलसंडा थानाध्यक्ष अजय कुमार ने पत्रकारों को बताया कि हरदोई जिले के थाना बेहटा गोकुल के सिरोमन नगर निवासी ईशू बाबू (24) की शादी बिलसंडा क्षेत्र के गांव नाद निवासी राजेश की बेटी खुशबू के साथ गत 25 अप्रैल को हुई थी। तीन दिन पूर्व ईशू अपनी पत्नी खुशबू को लेकर अपनी ससुराल आया हुआ था।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने परिवार संग अयोध्या में रामलला के दर्शन किए



## उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया



भाषा ▸▸| अयोध्या (उप्र)

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। धनखड़ ने राम मंदिर से पहले हनुमानगढ़ी में भी दर्शन किए। उपराष्ट्रपति दोपहर में अपने परिवार के सदस्यों संग अयोध्या हवाई अड्डा पहुंचे, जहां उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन किए और फिर अपने परिवार के सदस्यों के साथ नवनिर्मित राम मंदिर राम पहुंचे और पूजा-अर्चना की। उपराष्ट्रपति ने 'एक्स' पर कहा कि पावन अयोध्या नगरी में श्री राम लला के दर्शन कर मन भावविभोर है! प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की दिव्य झलक पाकर अभिभूत हूं! ऊर्जस्वित हूं।''उन्होंने कहा '' मैं धन्य हो गया और संपूर्ण मानवता के लिए आनंद चाहता हूं! यह भव्य मंदिर, भक्ति और अध्यात्म की हमारी गौरवशाली विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। आज जब हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर दृढ़ता से अग्रसर है, ऐसे में प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद इस भारत भूमि पर बना रहे, यही प्रार्थना है।'' उपराष्ट्रपति ने इस पोस्ट में अपने परिवार के साथ राम मंदिर दर्शन की चार तस्वीरें भी साझा की। उपराष्ट्रपति ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ''परम पावन अयोध्या धाम की यात्रा का शुभारंभ प्राचीन हनुमानगढ़ी मंदिर में प्रभु-दर्शन से हुआ।'' उन्होंने कहा, ''साहस, शक्ति और भक्ति के प्रतीक बजरंगबली के चरणों में शीश नवाकर तन-मन प्रसन्नता और ऊर्जा से भर गया। संकट मोचक हनुमान जी से प्रार्थना है कि सभी का कल्याण करें और सबको सुख-समृद्धि दें।'' धनखड़ ने कुबेर टीला का भी दौरा किया और सरयू नदी के तट पर सरयू आरती की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''आज मां सरयू के दर्शन एवं आरती पाकर धन्य हो गया। प्राचीन काल से, इस प्राचीन नदी ने हमारी सभ्यता के लोकाचार में एक महत्वपूर्ण स्थान रखा है, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का एक अभिन्न अंग है। इस दिव्य अनुभव के लिए आभारी हूं जिसने मुझमें आध्यात्मिकता, उदात्तता और शांति की गहरी भावना पैदा की।

## बिहार सहित अन्य राज्यों में भी करते हैं पेपर लीक कांड

# बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में मास्टर माइंड सहित पांच गिरफ्तार

**पटना।** बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण टीआरई-3.0 के पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराधी इकाई ने मामले के मास्टरमाइंड सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आर्थिक अपराध इकाई ने यह गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के उज्जैन जिला से किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड डॉक्टर शिवकुमार उर्फ शिव उर्फ बिट्टू सहित बल्ली उर्फ संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, तेज प्रकाश और सौम्या कुमारी भी शामिल है। इस मामले में आर्थिक अपराधी इकाई का कहना है कि इस पूरे मामले में घटना का मास्टरमाइंड डॉक्टर शिवकुमार उर्फ शिव उर्फ बिट्टू के गिरोह के द्वारा प्रश्न पत्र लिखकर कांड को अंजाम दिया गया है। ईओयू का कहना है कि डॉ शिव पूर्व में भी 2017 में नीट यूजी के परीक्षा पत्र लीक कांड का अभियुक्त रहा है। इस मामले में पत्रकार नगर थाना में कांड संख्या 224/17 के तहत 7 मई 2017 को उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में उसके साथ उसका सहयोगी शुभम मंडल उर्फ शिवम मंडल भी था। शुभम मंडल उर्फ शिवम मंडल खगौल थाना क्षेत्र के अफसर कॉलोनी निवासी सुशील मंडल का पुत्र है। यह दोनों मिलकर कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थाओं की प्रतियोगिता परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक/ फर्जीवाड़ा के कांडों को अंजाम देते थे। इसी वर्ष उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक काण्ड में इन दोनों की संलिप्त सामने आई है। इस अंतरराज्यीय गिरोह के तार उत्तर प्रदेश, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और बिहार सहित अन्य कई राज्यों से जुड़े हुए हैं।




### ऐसे होता है प्रश्नपत्र लीक का खेल

पूछताछ के दौरान इन्होंने बताया कि ये लोग कई वर्षों से प्रश्न पत्र लीक करने के धंधे में लगे हुए हैं, जिससे इनको मोटी कमाई होती है। येलोग लगातार इस टोह में लगे रहते हैं कि किस राज्य के किस प्रिंटिंग प्रेस में प्रश्नपत्र छप रहा है। फिर उन प्रश्नपत्रों का ट्रांसपोर्टेशन किस प्रकार किया जाता है। यह सब जानकारी हासिल करने के बाद ये माफिया वहां के कर्मचारियों से मोटी राशि पर सौदा कर प्रश्न पत्र प्राप्त करते हैं। प्रश्नपत्र मिलने के बाद वह अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्ण निर्धारित स्थानों जैसे होटल रेस्टोरेंट आदि जगहों पर बुलाकर उन सवालों क उत्तर याद करवाते हैं और फिर उन्हें अपनी ही निगरानी में सीधे परीक्षा केंद्र तक पहुंचाते हैं।

### प्रश्नपत्र लीक की पहली कड़ी

बीपीएससी 3.0 की परीक्षा में उन्हें पता चल गया था कि प्रश्न पत्र के ट्रांसपोर्टेशन का कार्य डीटीडीसी कोरियर कंपनी द्वारा किया जाना है, जिनमें कुछ गाड़ियां एक प्राइवेट व्यक्ति श्री निवास चौधरी से भी हायर किया जाना है। श्रीनिवास चौधरी अक्सर कई कंपनियों को अपनी गाड़ियां उपलब्ध करवाते हैं। यह जानकारी मिलते ही तत्काल इन्होंने पटना के बायपास थाना क्षेत्र के मिर्चामिर्ची मोहल्ला निवासी राहुल पासवान को मोटी रकम का लालच देकर अपने पक्ष में कर लिया। राहुल पासवान स्थित जेनिथ लोजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड कोरियर कंपनी में मुंशी का काम करता था।

### फिल्मी स्टाइल में काम

12 मार्च को राहुल पासवान ने श्रीनिवास चौधरी को अपने साथ मिलकर पटना से नवादा ले जाने के क्रम में पेटी से निकालकर उन्हें स्कैन करने की योजना बना ली। जैसे ही डीटीडीसी पटना से श्रीनिवास चौधरी के वाहनों पर प्रश्न पत्र की पेटियां लोड होने के बाद निकली, श्रीनिवास और राहुल ने मिलकर गाड़ी के चालक राम भवन पासवान को भी मोटे रकम का लालच देकर अपने में मिला लिया। फिर जैसे ही नियत समय पर गाड़ी बुद्धा फैमिली रेस्टोरेंट नगरनौसी पहुंची, चालक ने योजना के अनुसार रेस्टोरेंट में गाड़ी खड़ी कर दी। फिर वहां पूर्व के योजना के अनुसार पूर्व से ही डॉक्टर शिव और उसके पिता संजीव कुमार उर्फ़ संजीव मुखिया एवं उनके गिरोह के कई सदस्य पहले से वहां मौजूद थे। इस खेल में एक और किरदार होटल मालिक अवधेश कुमार था जिसकी जानकारी में प्रश्न पत्र की पेटी को स्पेशलाइज्ड टूल्स के माध्यम से खोलकर प्रश्न पत्र को स्कैन कर लिया गया।

## टाटा स्टील के अधिकारी की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

- विनय त्यागी की चार मई को हत्या कर दी गई थी

**गाजियाबाद/लखनऊ (भाषा)।** गाजियाबाद जिले में टाटा स्टील के एक अधिकारी की हत्या का एक आरोपी शुक्रवार तड़के मुठभेड़ में मारा गया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने लखनऊ में एक बयान में जानकारी दी। टाटा स्टील के भारत बिक्री प्रमुख विनय त्यागी की चार मई को हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बयान में कहा कि आज 10 मई को शालीमार गार्डन थाने (गाजियाबाद के) का एक पुलिस दल आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर वांछित आरोपियों की तलाश कर रहा था और थाना क्षेत्र में कान्हा परिसर में जांच पड़ताल कर रहा था तभी अचानक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो लोग तेजी से वहां से निकले, जब उनका पीछा किया तो मोटरसाइकिल फिसल कर एक इमारत के बंद गेट के सामने गिर गई।''पुलिस टीम को अपने पीछे आता देख अपराधियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। बयान में बताया गया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया जबकि दूसरा फरार हो गया। इस दौरान एक पुलिस उप निरीक्षक भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां अपराधी दक्ष को मृत घोषित कर दिया गया। दक्ष, विनय त्यागी की हत्या के मामले में वांछित था। पुलिस ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल, कारतूस, एक चोरी की मोटरसाइकिल और त्यागी का मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 394 (डकैती के दौरान जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे नेपाल जाने की कोशिश में ईरानी नागरिक गिरफ्तार

**महराजगंज (उप्र) (भाषा)।** महराजगंज जिले में नेपाल सीमा पर एक ईरानी नागरिक को फर्जी पासपोर्ट और वीजा दस्तावेजों पर नेपाल जाने की कोशिश करते समय गिरफ्तार कर लिया गया। एक वरिष्ठ आव्रजन अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सोनौली चेक पोस्ट के आव्रजन अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि ईरानी मूल के यागौब वरदान (39) को भारत से नेपाल जाते समय बृहस्पतिवार की रात आव्रजन विभाग ने सोनौली क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया क्योंकि उनके वीजा कागजात और पासपोर्ट नकली पाए गए थे। विदेशी नागरिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय खुफिया इकाई के एक अधिकारी ने बताया कि ''खुफिया ब्यूरो को मामले को लेकर सूचित कर दिया गया है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।''

## उत्तर प्रदेश : अदालत ने तेजाब फेंकने के चार आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज की

**प्रयागराज (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वर्ष 2022 में कौशांबी जिले में कथित तौर पर ऋण का आवेदन मंजूर नहीं करने को लेकर एक बैंक की महिला प्रबंधक पर तेजाब फेंकने के चार आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने जांच के दौरान तेजाब की खरीद, कुछ याचिकाकर्ताओं की वास्तविक संलिप्तता और अन्य याचिकाकर्ताओं की सहायक भूमिका के बारे में एकत्रित किए गए साक्ष्यों पर विचार करते हुए बृहस्पतिवार को यह आदेश पारित किया। जानकारी के मुताबिक, बैंक प्रबंधक के तौर पर कार्यरत पीड़िता जब अपने कार्यालय जा रही थी तभी घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने उन पर तेजाब फेंक दिया। जांच के दौरान आवेदकों और सह आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। ये बैंक में ऋण आदि मंजूर कराने की सुविधा के लिए ब्रोकर के तौर पर काम करते थे। महिला बैंक प्रबंधक ने जब पात्रता के अभाव में ऋण का आवेदन खारिज कर दिया तो उन पर दबाव बनाया गया। हालांकि जब वह दबाव में नहीं आईं तो उन पर तेजाब से हमला कर दिया गया।

# छात्रावास की कई लड़कियां फूड प्वाइजनिंग से बीमार

- समोसा और पूड़ी-सब्जी खाने के बाद बिगड़ी तबियत

**जहानाबाद।** जहानाबाद के छात्राओं के एक छात्रावास में फूड पाइजनिंग से होस्टल की 12 छात्राएं को बीमार हो गयी। बीमार सभी छात्राओं को आननफानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां दो छात्राओं की हालत गंभीर बनी हुई है। अचानक सभी छात्राओं को एक साथ बीमार होने से होस्टल में हड़कंप मच गया है। मामला काको प्रखंड के डॉ भीम राव अम्बेडकर छात्रावास की है।



इस संबंध में छात्राओं का कहना है कि है सभी छात्राओं को नाश्ते में समोसा और रात के खाने में पूड़ी-सब्जी दिया गया था। इसके बाद इन्हें उल्टियां और पेट दर्द शुरू हो गये। जिसके बाद प्रिंसिपल ने बीमार छात्राओं को गैस और उल्टी की दवा दी। धीरे-धीरे कई छात्राओं को पेट दर्द और उल्टी होने लगी। आननफानन में सभी बीमार छात्राओं को सदर अस्पताल लाया गया, जहां दो छात्राओं को भर्ती कराया गया जबकि अन्य छात्राओं को उपचार कर उन्हें होस्टल भेज दिया गया।

**प्रिंसिपल के हैं अजीब बयान**

स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार का कहना है कि गुरुवार की शाम मेनू के अनुसार उन्हें दो समोसा दिया गया था रात के खाने में उन्हें पूड़ी सब्जी दिया गया था। प्रिंसिपल वंदना झा ने बताया कि खाना खाने के बाद भोजन सही से नहीं पचने के कारण गैस बन गया। प्रिंसिपल ने कहा कि हड़बड़ाने की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैंने एम्बुलेंस को कॉल किया था लेकिन इन लोगों ने ध्यान नहीं दिया। तब गोद में उठाकर टेम्पू से इनको अस्पताल ले कर पहुंचे। उन्होंने कहा कि फिलहाल सभी छात्राओं की स्थिति ठीक है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाना छात्रावास के अंदर ही बनता है इसलिए खाना पीना को लेकर लापरवाही बरतने के कारण ऐसी घटना हुई है, लेकिन प्रिंसिपल ने यह नहीं बताया कि खाना खाने के बाद तबीयत खराब हुई है।

## पेज एक का शेष

### 50 दिन तिहाड़...

जताया है। सुनीता ने अपने एक्स अकाउंट पर हनुमान जी को प्रणाम करते हुए कहा कि ये लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। भाजपा ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिली है, फिर वहीं जाना है। उन्हें अपराध मुक्त नहीं किया है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा कि जेल हो या बेल मिले, अरविंद केजरीवाल को पहले सीएम पद से हटाया जाना चाहिए। एक आरोपी जेल से सरकार कैसे चला सकता है।

**रे की सजा पर रोक लगने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया गया?:** वहीं, आम आदमी पार्टी ईडी पर केजरीवाल की अंतरिम जमानत की याचिका का विरोध करने के लिए 'विरोधाभासी बातें' कहने का आरोप लगाया है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में कोयला घोटाला मामले में दिलीप रे की तीन साल की सजा पर रोक लगाते हुए कहा कि अगर वह चुनाव नहीं लड़ पाए तो इससे नुकसान होगा। अब दिलीप रे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप नेता ने कहा कि केजरीवाल को न तो दोषी ठहराया गया है और न ही उनका मुकदमा शुरू हुआ है। लेकिन ईडी कह रही है कि एक नेता के लिए अलग मानक नहीं होने चाहिए। उन्होंने यह भी पूछा कि रे की सजा पर रोक लगने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया गया?

### मैंने कहा था न कि जल्दी...

जी के आशीर्वाद से आज मैं आप सब लोगों के बीच में हूं। मैं दिल्ली समेत देश भर के करोड़ों लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों लोगों की दुआएं मेरे साथ हैं। देश भर के लोगों ने मुझे आशीर्वाद भेजा है। सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया करना चाहता हूं, जिसकी वजह से आज मैं आप सब के बीच में हूं।

### जय बाबा केदार...

करा चुके हैं। 12 मई यानी कल से श्री बद्रीनाथ का दरबार भी बद्री-विशाल के जयकारों से गूंजने वाला है। ये पवित्र स्थल सज-धजकर तैयार हो चुके हैं। वहीं मंदिर समिति इन्हें संवारने में लगी है। इन धामों की यात्रा शुरू होने से पहले इनकी बुकिंग का आंकड़ा नए रिकॉर्ड बना रहा है। मई महीने के पहले सप्ताह तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 22 लाख के पार चला गया है। गुरुवार शाम तक कुल 2276969 यात्री ऑनलाइन पंजीकरण कराए हैं। इसी वजह से मई में बुकिंग फुल हो चुकी है। इस बार केदारनाथ यात्रा के लिए सात लाख 83 हजार 107 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। जबकि, बद्रीनाथ के लिए छह लाख 83 हजार 424 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। वहीं, गंगोत्री के लिए चार लाख छह हजार 263 और यमुनोत्री के लिए तीन लाख 56 हजार 134 तो हेमकुंड साहिब के लिए चार लाख आठ हजार 41 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

**बद्री-केदार मंदिर में रील न बनाने की अपील:** बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है। उन्होंने कहा है कि श्रद्धालु यात्रा पर आएं तो भक्ति भाव से दर्शन करें। मंदिरों में रील बनाने से बचें।

### राम मंदिर का कराएंगे...

करेंगे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण में प्रोटोकॉल के खिलाफ काम किया। उन्होंने कहा कि हम इसे सुधारेंगे और धर्म के तहत काम होगा।

**बोले योगी इनको तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा:** वहीं, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर के निर्माण के औचित्य पर सवाल उठाने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की फैक्ट्री रखने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी।

### 10 राज्यों की 96...

बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की 4-4 तथा जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर चुनाव होना है। इस चरण की 96 सीटों में से 2019 में भाजपा ने 42 सीटों पर जीत हासिल की थी। चौथा चरण इसलिए भी दिलचस्प है, क्योंकि इसमें होने वाली सीटों पर फेरबदल होने की बहुत संभावनाएं हैं। यानी, यहां ज्यादातर ऐसी सीटें हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। 21 ऐसी सीटों है, जहां उलटफेर हो सकता है। इनमें अमलापुरम, अनाकापल्ली, अनंतपुरम, बापटला, एलुरु, काकीनाडा, नरसापुरम, राजामुंदरी, विशाखापट्टनम, विजयनगरम, खम्माम, श्रीनगर, मुंगेर, भोंगिर, सिंहभूम, आदिलाबाद, बर्दवान-दुर्गापुर, कालाहांडी और निजामाबाद शामिल हैं। चौथे फेज की 96 में से 20 सीटें ऐसी हैं जो किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। ये सीटें- महबूबनगर, मेडक, मावल, शिरडी, बहरामपुर, नालगोंडा, अहमदनगर, बीड, दरभंगा, इंदौर, जलगांव, जालना, खरगोन, खूंटी, लोहारदगा, रावेर, बेरहामपुर, बीरभूम, कृष्णनगर और हैदराबाद हैं।

### बोले- पाक को इज्जत...

क्योंकि वहां आतंकवाद है। ये समझना जरूरी है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी है। वरना, पाकिस्तान सोचेगा कि भारत अहंकार के साथ हमें दुनिया में छोटा दिखा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में कोई भी पागल इस बम का इस्तेमाल भारत पर कर सकता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस, मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा कि कांग्रेस को ये दोहरी नीति छोड़ देनी चाहिए, भारत इतना ताकतवर है कि अगर उसने हम पर नजर डाली तो पाकिस्तान नहीं रहेगा। वे फारूक अब्दुल्ला की भाषा बोल रहे हैं। कांग्रेस पाकिस्तान की आतंकवादियों की भाषा बोलती है।

**कांग्रेस बोली- ये बयान अय्यर का, पार्टी का नहीं:** -कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया राष्ट्र के हित के लिए होनी चाहिए। खेड़ा ने यह भी कहा कि यदि पुराने वीडियो का इस्तेमाल किया जाए तो ये ज्यादा पुराना वीडियो नहीं है। यहां विदेश मंत्री एस जयशंकर खुले तौर पर भारत को चीन से डरने की सलाह दे रहे हैं।

**10 साल में बातचीत का कोई प्रयास नहीं:** अय्यर ने कहा- आप बंदूक लेकर घूम रहे हो। उससे क्या हल मिला कुछ नहीं। तनाव बढ़ता जाता है। कोई भी पागल वहां आ जाए तो क्या होगा देश का। उनके पास एटम बम है। हमारे पास भी है, लेकिन किसी पागल ने हमारे बम को लाहौर स्टेशन में छोड़ा तो आठ सेकंड के अंदर उसकी रेडियो एक्टिविटी अमृतसर पहुंचेगी। आप उसको इस्तेमाल करने को रोको। लेकिन आपने उससे बात की, उसको इज्जत दी तभी जाकर वह अपने बम के बारे में नहीं सोचेंगे, लेकिन आपने उसको ठुकरा दिया तो फिर क्या होगा? भारत को विश्वगुरु बनने के लिए यह दिखाना जरूरी है कि हम पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दों को हल करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। पिछले दस सालों में मोदी सरकार की ओर से पाकिस्तान से बातचीत करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है।

# फैजाबाद के रण में विपक्ष के पक्ष में जातीय समीकरण






**अयोध्या।** फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में चुनावी बिगुल नामांकन के साथ बज चुका है और सभी दल अपने-अपने गणित के साथ चुनावी रण जीतने के लिए अपनी जुगत भिड़ा रहे हैं। जिले के विकास और राम मंदिर के मुद्दे को लेकर भाजपा थोड़ी निश्चिंत दिखती है, फिर भी इस बार के जातीय समीकरण ने उसका खेल बिगाड़ रखा है। बीते दो चुनाव में रिकार्ड मतों से हुई जीत को बरकरार रखना भाजपा के लिए चुनौती है, दूसरी तरफ भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तो यह सीट उसके लिए प्रधानमंत्री की सीट से भी अहम है मानी जा रही है। जो जातीय समीकरण बीते चुनाव में दो बार ध्वस्त कर लल्लू सिंह भाजपा प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज कर चुके हैं। हालांकि तीन बार जातीय समीकरणों के बूते यहां भाजपा ने भी चुनावी वैतरणी पार की है। विनय कटियार एक बार भले ही राम लहर के बूते चुनाव जीते थे, लेकिन दो बार उनके जातीय समीकरण का बड़ा योगदान भाजपा की जीत में रहा है।

2014 में लोकसभा चुनाव में लल्लू सिंह ने धमाकेदार 282,775 वोट से जीत दर्ज की थी। वहीं जब मुकाबला एक तरफा सिमटा तब यह जीत घट गई और विपक्ष के उम्मीदवार ने भी साढ़े चार लाख मतों का आंकड़ा पार कर दिया।

भाजपा के निकटम प्रद्विव्दी आनंदसेन यादव को चार लाख 63 हजार मत मिले थे। जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार निर्मल खत्री को भी 53 हजार से अधिक मत मिले थे। दोनों ही चुनावों में विपक्ष के संपूर्ण मतों को मिला भी दिया जाए तो भी भाजपा प्रत्याशी को हराना संभव नहीं था।

इस चुनाव में अवधेश प्रसाद जैसे खांटी समाजवादी और धुरंधर राजनेता भाजपा के सामने हैं। जिनके बिरादरी के मतों की संख्या पौने दो लाख बताई जाती है। जो भाजपा के गणित को बिगाड़ती नजर आ रही है। हालांकि बसपा से ब्राह्मण प्रत्याशी और भाकपा से मित्रसेन यादव के पुत्र अरविंद सेन की उपस्थिति उनके लिए भी परेशानी का सबब है। मित्रसेन और उनके परिवार का एक क्षेत्र में राजनीतिक वर्चस्व है। इस बार सपा के साथ कांग्रेस है। बीते चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ भले ही गिरा हो, कांग्रेस के बेस वोट को बचाने में निर्मल खत्री कामयाब रहे हैं। उनको बीते दो चुनाव में एक लाख 29 हजार और 53 हजार मत मिले हैं।

हालांकि किसी के पास भी भाजपा के मंदिर मुद्दे की कोई काट नहीं है, फिर भी जातीय समीकरण की चिंता उन्हें भी सता रही है। क्योंकि जब लल्लू सिंह ने मित्रसेन यादव को 2014 में मोदी लहर में दो लाख 82 हजार मतों से हराया था, तब बसपा प्रत्याशी को एक लाख 41 हजार और कांग्रेस के निर्मल खत्री को एक लाख 29 हजार मत मिले थे। पिछले चुनाव में जब सपा और बसपा साथ आई तो यह अंतर तुरंत घट गया।



# प्रभास ने शुरू की 'कन्नप्पा' की शूटिंग, पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और साउथ अभिनेता विष्णु मांचू अपनी महत्वकांक्षी परियोजना 'कन्नप्पा' फिल्म को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। 'कन्नप्पा' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के कलाकार प्रभास को लेकर है। यूं तो प्रभास के किरदार पर कई अपडेट आ चुके हैं, लेकिन अब उनकी शूटिंग के बारे में नया अपडेट सामने आया है।

## लाइफ Style

# श्रुति शर्मा

## आसान नहीं था इंटीमेट सीन

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' इन दिनों चर्चाओं में है। यूं तो सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोयराला, संजीदा शेख, शर्मिन सहगल से लेकर ऋचा चड्ढा तक लीड रोल में नजर आईं, जिनकी एक्टिंग की चर्चाएं भी हो रही हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भंसाली के मास्टरफीस में कई किरदार ऐसे हैं, जिनके किरदारों की लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। 29 साल की एक्ट्रेस श्रुति शर्मा भी इस सीरीज का हिस्सा है। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रुति शर्मा ने भी इन्हीं की तरह काफी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उन्होंने 'सायमा' का किरदार निभाया। हाल ही में उन्होंने सीरीज में 'मल्लिकाजान' के ड्राइवर 'इकबाल' यानी रजत कौल के साथ निभाए गए इंटीमेट सीन को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि इंटीमेट सीन को शूट करना आसान नहीं था। इसके लिए उन्हें काफी दर्द और तकलीफ झेलनी पड़ी।

एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा, 'एक सीन है जिसमें मैं और इकबाल (मल्लिकाजान का ड्राइवर) शामिल हैं, जिसमें हम रोमांटिक हैं। मतलब यह बेहद रोमांटिक सीन है। उस तरह का रोमांस मैंने पहली बार स्क्रीन पर किया था।' हम घूम रहे थे और बात कर रहे थे और आप जानते हैं कि यह कठिन कोरियोग्राफी थी।' मेरे शरीर पर रैशेज पड़ गए, क्योंकि यह बहुत कठोर थे। मुझे लगता है कि हमने उस सीन को पूरे दिन शूट किया और जब वह सीन खत्म हुआ तो मेरा काजल धूल-मिट्टी की वजह से खराब हो गया था लेकिन, सीरीज में ये सीन बहुत सुंदर लग रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# जेंडया को देख टॉम हुए लट्टू

**लॉस एंजिलिस।** जेंडया हाल ही में मेट गाला 2024 फैशन इवेंट में शामिल हुईं। उन्होंने अपने दोनों लुक्स से फैंस के होश उड़ा दिए। बॉयफ्रेंड टॉम हॉलैंड भी उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पाए। दोनों का रिलेशनशिप कई बार ऑन-ऑफ हुआ, लेकिन वे इशारों में एक-दूसरे के लिए प्यार जताने से पीछे भी नहीं हटते। हाल ही में जेंडया दुनिया के प्रतिष्ठित फैशन इवेंट मेट गाला 2024 में शामिल हुईं। फूलों, तितलियों और चिड़ियों वाली दो ड्रेसेस पहनी, जिसमें वो बला की खूबसूरत लगीं।



# रिहाना, लेडी गागा और कैटी पेरी की तस्वीरें देख लोग खा गए गच्चा

**लॉस एंजिलिस।** मेट गाला में ग्लोबल सितारों का तांता लगा, जबकि कई जाने-माने सितारे इस फैशन इवेंट में शिरकत नहीं कर पाए। इस लिस्ट में रिहाना, कैटी पेरी और लेडी गागा का नाम शामिल है। लेकिन ये हसीनाएं एआई के डीपफेक का शिकार हो गईं। इनकी नकली फोटो देख फैंस गच्चा खा गए। साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक के कई सितारे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के डीपफेक टूल का शिकार हो चुके हैं, जिसमें चेहरा किसी और का होता है और बॉडी किसी और की। इन तस्वीरों को देखकर असली और नकली में फर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। अब मेट गाला 2024 में शिरकत करने वाले सितारों की तस्वीरों के साथ भी खिलवाड़ हुआ है। रिहाना से लेकर कैटी पेरी और लेडी गागा तक की फोटोज को एआई के डीपफेक टूल की मदद से एडिट करके खूब शेयर किया जा रहा है, जबकि तीनों ही इस साल फैशन इवेंट में शामिल ही नहीं हुई हैं।



# कपिल शर्मा ने छिड़का जले पर नमक

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो सामने आ गया है जिससे पता चला है कि शो में संजय लीला भंसीली की सीरीज 'हीरामंडी' की अदाकाराएं शिरकत करने वाली हैं। शो में कपिल शर्मा पानी पूरी का ठेला लगाएंगे। लेकिन जब 'हीरामंडी' की अदाकाराएं उनसे पानी पूरी खिलाने को कहेंगी तो कपिल उन्हें खिलाने से इनकार कर देंगे। कपिल शर्मा शो में सोनाक्षी सिन्हा से उनकी शादी को लेकर भी सवाल करने वाले हैं। प्रोमो में कपिल कहते हैं- 'आलिया ने शादी की, कियारा ने भी कर ली। आप कब करेंगी?'ऐसे में सोनाक्षी उन्हें जवाब देती हैं, 'जले पर नमक डाल रहे हो, वो जानता है कि मुझे कितनी जोर से शादी करनी है।' इसके अलावा ऋचा चड्ढा सोनाक्षी से पूछती हैं कि उन्होंने सबसे ज्यादा कितने रीटेक लिए हैं। तो सोनाक्षी कहती हैं कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने 12 से ज्यादा रीटेक लिए होंगे।



# रोल बेच रहे मासूम की मदद के लिए आए सामने

**मुंबई।** 'सिंघम' फ्रेंचाइजी के साथ अपने रचे कॉप यूनिवर्स के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने वाले रोहित शेट्टी की फिल्म में अर्जुन कपूर खलनायक के रोल में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। अर्जुन सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं। अब हाल ही में उन्होंने दरियादिली दिखाई और रोल बेच रहे एक लड़के की मदद की है। इस वीडियो में वह बच्चा अपने पिता को खोने के बाद सड़क पर रोल बेचकर घर चलाता है। अब इस बच्चे की वीडियो को देखकर अर्जुन कपूर का दिल पसीज गया है। अभिनेता 10 वर्षीय जसप्रीत सिंह की मदद के लिए आगे आए हैं। अर्जुन ने जसप्रीत के साहस की सराहना की है। उन्होंने लिखा, 'चेहरे पर मुस्कान के साथ, वह आगे की जिंदगी और उसके साथ आने वाली सभी चीजों का सामना कर रहा है।

## टीवी मसाला



# 'भाभी जी घर पर हैं' का ट्रेलर आउट, फैमिली ड्रामा है मूवी

नई दिल्ली। अब तक आप सब टीवी पर भाभी जी घर पर हैं कॉमेडी सीरियल देखते आए हैं, लेकिन अब इसी टाइटल से एक फिल्म का निर्माण हुआ है। जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। हाल ही में वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शंस प्रस्तुत निर्माता प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह की फिल्म 'भाभीजी घर पे है' का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म में रिंकू घोष, गौरव झा, संचिता बनर्जी, रक्षा गुप्ता, देव सिंह और राकेश बाबू प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसका निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है।फिल्म का ट्रेलर 4:13 मिनट का है, जिसमें फिल्म की एक आकर्षक झलक देखने को मिल रही है।संवाद और गाने भी कमाल के लग रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर लोगों को खूब पसंद भी आ रह है। फिल्म को लेकर निर्माता प्रदीप सिंह ने कहा कि फिल्म बेहद दमदार बनी है। इसकी झलक ट्रेलर मंल साफ दिखाई दे रही है। पूरी तरह से कमर्सियल होते हुए भी फिल्म की कलात्मक प्रस्तुति और नरेशन इतना जानदार है कि दर्शक जब फिल्म देखेंगे, तो महसूस कर पायंगे कि भोजपुरी सिनेमा कितनी समृद्ध हो चली। बात अगर फिल्म की कहानी की करें तो सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर इसकी कहानी आधारित है।

---

# श्रद्धा आर्या लीप के बाद 'कुंडली भाग्य' को कहेंगी अलविदा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने टीवी से लेकर साउथ की फिल्मों तक अपने अभिनय का जलवा बिखेरा है। एक्ट्रेस को इन दिनों टीवी के पॉपुलर सीरियल 'कुंडली भाग्य'में देखा जा रहा है। इस शो में वह 'प्रीता'का किरदार निभा रही हैं। 'कुंडली भाग्य' टीवी पर टेलीकास्ट होने वाले सबसे लंबे शोज में से एक है। शो में पहले भी जनरेशन लीप आ चुका है जिसके बाद सीरियल में कई नए एक्टर्स की एंट्री हुई थी और अब लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार श्रद्धा आर्या के इस लोकप्रिय शो में एक बार फिर लीप आने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो की नई कहानी अच्छी टीआरपी लाने में विफल रही है। जिसके बाद मेकर्स ने शो में एक और लीप लाने का फैसला किया है। 'कुंडली भाग्य' के अपकमिंग लीप के बाद एक्टर पारस कलनावत, सना सैय्यद और बसीर के साथ ही श्रद्धा आर्या भी शो को अलविदा कह देंगी।



# अनोखे किरदार में आएंगे नजर

**मुंबई।** सैफ अली खान के फिल्मी करियर में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिला है। 2023 में आई सैफ अली खान की 600 करोड़ के बजट में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' भी फ्लॉप रही। फिल्मों में दमदार भूमिका निभाने के बाद भी सैफ को उनकी कई फिल्मों में लगातार निराशा ही हाथ लगी है। लेकिन अब लगता है कि निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी फिल्म सैफ अली खान के लिए वरदान साबित हो। इस फिल्म में सैफ एक ऐसा किरदार निभाएंगे, जिसे उन्होंने आजतक कभी नहीं निभाया है।



फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव ने एक अंधे व्यक्ति का किरदार निभाया है। वहीं, अब सैफ अली खान ने 'श्रीकांत' की राह अपना ली है। निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म में सैफ एक अंधे व्यक्ति की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जुलाई और अगस्त के महीने में शुरू की जाएगी। इस फिल्म की शूटिंग को प्रियदर्शन सिर्फ 40 दिनों में ही खत्म कर देंगे। 'हेरा फेरी', 'गरम मसाला', 'भागमभाग', 'चुप चुप के' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले निर्देशक प्रियदर्शन की दो फिल्में इस साल रिलीज होंगी। पहली मलयामल फिल्म है, जिसे वह अक्षय कुमार के साथ बना रहे हैं। दूसरी फिल्म सैफ अली खान के साथ बनाने का फैसला लिया है। प्रियदर्शन ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक फिल्मों का निर्देशक किया है। सैफ के साथ ही उनके फैंस को भी उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। प्रियदर्शक के साथ सैफ की इस फिल्म की रिलीज डेट की अभीतक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। फैंस सैफ की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# सांवली लड़की के जज्बे की सपनों भरी कहानी है 'खूबसूरत'

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल नए शो 'खूबसूरत' के आगमन का संकेत दे रहा है, जो एक दिल छू लेने वाली कहानी है। यह दर्शकों को मुंबई की जिंदगी के मुश्किल मोड़ों की खास यात्रा पर ले जाने को तैयार है। चैनल सपनों की इस कहानी में दर्शकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उन्हें एक साधारण लड़की नव्या के प्रति आकर्षित करेगी, जिसके जीत का जज्बा (जुनून) उस शहर की धड़कन की तरह अजेय है, जिससे वह जुड़ी है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है। परिवार में वह एकमात्र सांवली है और इस कारण अपने पिता की अस्वीकृति के बावजूद वह कुछ बड़ा करना चाहती है। अपने आस-पास के लोगों द्वारा उसकी त्वचा के रंग को लेकर किए जाने वाले तानों से विचलित हुए बिना नव्या ने अपना घर चलाने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं पर ब्रेक लगाने से इनकार किया है। चाहे वह मेज पर इंतजार कर रही हो, अपनी शहनाई के साथ बारातों का स्वागत कर रही हो या भोजन पहुंचा रही हो, कोई भी काम उसे अपनी धूप की ऊर्जा के साथ जीवन को आगे बढ़ाने से नहीं रोक सकती। सामाजिक मानदंडों की चुनौतियों के साथ, क्या उसका जज्बा सफलता के मुकाम पर पहुंचेगा?

# अदाकारी ही नहीं, फैशन में भी माहिर हैं बॉलीवुड हसीनाएं



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा उद्योग बहुमुखी प्रतिभाओं से भरा हुआ है। बॉलीवुड के कई सारे कलाकार अभिनय के अलावा कई कार्यों में पारंगत हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण उनके प्रशंसकों की लिस्ट भी बहुत भारी-भरकम है। आज हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के नाम जानेंगे, जो अभिनय के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।

### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी 90 के दशक की अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री अपनी फिटनेस और खूबसूरती के चलते अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनके प्रशंसक उन्हें फिटनेस आइकन मानते हैं। शिल्पा शेट्टी का फैशन सेंस भी बहुत ही शानदार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री एक शानदार डांसर, कुक के साथ-साथ फैशन डिजाइनर भी हैं।

## बड़े ब्रांड्स की हैं मालकिन



### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे प्रभावशाली अभिनेत्रियों में शामिल है। उनके अभिनय की ना सिर्फ प्रशंसक, बल्कि आलोचक भी सराहना करते हैं। दीपिका ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत 'ओम शांति ओम' से की। जब से उन्होंने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की तब से लेकर अब तक उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी। दीपिका अपने फैशन सेंस के लिए भी मशहूर हैं। बता दें कि दीपिका पादुकोण अभिनेत्री के साथ-साथ एक फैशन डिजाइनर भी हैं।

### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट भारत की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में शुमार है। अभिनेत्री दुनिया के सौ सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल हैं। अभिनय के क्षेत्र में उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कार मिल चुके हैं। बॉलीवुड में आलिया ने अपने करियर की शुरुआत करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया ने अपना पहला रैंप वॉक अपनी ड्रेसेज के शो में किया था।



### मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड की सबसे फिट अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने बॉलीवुड की कई प्रतिष्ठित फिल्मों में अपने डांस की प्रस्तुति दी है। जिसमे 'दिल से'फिल्म में 'छैया छैया', 'दबंग' में 'मुन्नी बदनाम हुई' जैसी फिल्में शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री का 'द क्लोसेट लेबल' नाम का एक ब्रांड भी है।



# कांतिलाल-अनीता के बीच बराबरी का मुकाबला

# भाजपा को रतलाम शहर में बड़ी बढ़त कांग्रेस को झाबुआ से भरपाई की उम्मीद

# मतदाताओं में 2019 चुनाव जैसा उत्साह नहीं



## बनते-बिगड़ते समीकरण

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भाजपा-कांग्रेस के बीच जैसा कांटे का मुकाबला पहले चरण की मंडला, छिंदवाड़ा, दूसरे चरण की सतना और तीसरे चरण की मुरैना, राजगढ़ सीट में देखने को मिला, लगभग वैसी ही स्थिति चौथे चरण वाले रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की है। यहां भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया से है। संभवतः यह एकमात्र ऐसी सीट है जहां भाजपा को टिकट वितरण का अपना फार्मूला तोड़ना पड़ा। पार्टी नेतृत्व ने परिवारवाद के मुद्दे को ताक पर रखकर रतलाम-झाबुआ से प्रदेश सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता सिंह को मैदान में उतार रखा है।





### आदिवासी वर्ग के लिए सीट आरक्षित

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से कहीं भाजपा मजबूत है तो कहीं कांग्रेस। भाजपा को रतलाम शहर से सबसे बड़ी लीड की उम्मीद है तो कांग्रेस को भरोसा है कि अकेले झाबुआ विधानसभा सीट से वह इस अंतर की भरपाई कर लेगी। कांतिलाल यहां से कई चुनाव जीत चुके हैं, जबकि भाजपा की अनीता पहला लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने यहां से अपने सांसद जीएस डामोर का टिकट काट दिया है। डामोर ने पिछली बार कांतिलाल भूरिया को ही 90 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। डामोर टिकट काटे जाने से नाराज भी हैं। इस सीट को लेकर भाजपा की चिंता का पता चलता है।

### रतलाम-झाबुआ में कभी कांग्रेस जीती, कभी भाजपा

रतलाम लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज मिला-जुला रहा है। जब सीट का नाम झाबुआ था, तब कांग्रेस जीत दर्ज करती रही और परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया तो कभी भाजपा जीती तो कभी कांग्रेस। झाबुआ में पहले कांग्रेस के दिलीप सिंह भूरिया जीतते थे, लेकिन परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया, तब वे भाजपा में चले गए। इसके बाद 2009 के पहले चुनाव में कांतिलाल ने दिलीप सिंह को हरा दिया। 2014 में दिलीप ने कांतिलाल को हरा कर उसका बदला ले लिया। दिलीप सिंह के निधन के बाद 2015 के उप चुनाव में भाजपा ने उनकी बेटी निर्मला भूरिया को टिकट दिया, लेकिन कांतिलाल ने उन्हें हरा दिया। सीट का भौगोलिक एरिया तीन जिलों तक फैला है। ये जिले झाबुआ, रतलाम और अलीराजपुर हैं। लोकसभा क्षेत्र में झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटें झाबुआ, थांदला, जोबट और रतलाम जिले की भी तीन रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना आती हैं। अलीराजपुर की दो विधानसभा सीटें जोबट और अलीराजपुर भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। इनमें से झाबुआ जिले की 2 और अलीराजपुर की एक सीट कांग्रेस के पास हैं जबकि रतलाम जिले की 2 और झाबुआ-अलीराजपुर की एक-एक सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### विक्रांत ने संभाली पिता के चुनाव की कमान

रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली विधानसभा सीटों में कहीं भाजपा मजबूत दिखाई पड़ती है तो कहीं कांग्रेस। रतलाम शहर में भाजपा को विधानसभा में बड़ी लीड मिली थी, लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के पक्ष में यह स्थिति बरकरार रह सकती है। कांग्रेस को भरोसा है कि इसकी भरपाई वह झाबुआ विधानसभा सीट से कर लेगी। यहां कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के बेटे डॉ. विक्रांत भूरिया विधायक हैं। विक्रांत युकां के प्रदेश अध्यक्ष थे, लेकिन पिता के चुनाव के लिए उन्होंने पद छोड़ दिया था और पिता कांतिलाल के चुनाव की पूरी बागडोर अपने हाथ में थाम रखी है। इसी प्रकार भाजपा को अलीराजपुर और जोबट में लीड मिल सकती है तो दूसरी तरफ कांग्रेस को थांदला और पेटलावद में। लोग बताते हैं कि रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के बीच बराबरी का मुकाबला हो सकता है। यहां भाजपा कुछ बढ़त ले सकती है, जबकि सैलाना में (जहां से बाप पार्टी के विधायक हैं) कांग्रेस अच्छी बढ़त ले सकती है। इस तरह विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा-कांग्रेस के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिल रही है।

### भाजपा और कांग्रेस ने ताकत झोंकी

*चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक रखी है। बावजूद इसके मतदाताओं में 2019 के लोकसभा चुनाव जैसी उग्रता और उत्साह देखने को नहीं मिल रहा। पिछले चुनाव से पहले एक आतंकवादी हमले में 40 जवानों के शहीद होने के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक की थी। इस घटना के कारण मतदाताओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत थी। इसकी वजह से उनमें मतदान के प्रति उत्साह था। उम्मीद थी कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद राम लहर के कारण इस बार भी मतदाताओं में पिछली बार जैसा ही उत्साह होगा, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा। पहले दूसरे चरण में पिछली बार की तुलना में 8 से 10 फीसदी तक वोटिंग कम हुई। इसके बाद सभी के सामूहिक प्रयास से तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत में कुछ सुधार हुआ। चौथे चरण में भी मतदाताओं में ज्यादा उत्साह देखने को नहीं मिल रहा। हालांकि राजनीतिक दल और निर्वाचन आयोग ज्यादा मतदान के लिए पूरे प्रयास कर रहा है। रतलाम- झाबुआ लोकसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। यहां का मतदाता भी चुनाव के प्रति उदासीन दिखाई पड़ता है।*

### भील-भलाला समाज में बंट गया आदिवासी समाज

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट में भील और भलाला समाज ज्यादा है। भाजपा की अनीता सिंह भिलाला समाज से हैं जबकि कांग्रेस के कांतिलाल भील समाज से आते हैं। लोकसभा क्षेत्र में भील समाज 60 से 70 फीसदी जबकि भिलाला 30 से 40 फीसदी है। कांतिलाल यह हवा देने में कामयाब दिखते हैं कि वे भील हैं और अनीता भिलाला। इसकी वजह से भील समाज कांतिलाल के पक्ष में लामबंद होता दिख रहा है। इसका बड़ा फायदा कांग्रेस को हो सकता है। क्षेत्र में मुस्लिम समाज भी बड़ी तादाद में है, वह भी कांग्रेस का प्रतिबद्ध वोटर है। क्षेत्र में दलित समाज की बड़ी तादाद है, यह भाजपा-कांग्रेस के बीच लगभग 50-50 फीसदी नजर आ रहा है। दूसरी तरफ भिलाला समाज भाजपा के पक्ष में लामबंद है। जैन समाज के अलावा अन्य सामान्य वर्ग की जातियां (क्षत्रिय छोड़कर) भाजपा के पक्ष में दिखाई पड़ती हैं। इसके अलावा दोनों दलों का अपना-अपना प्रतिबद्ध वोटर है ही।

---

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कार्यकर्ता सम्मेलन में साधा निशाना

# कांग्रेस गुलामी का प्रतीक, फैला रही भ्रम, सावधान रहें कार्यकर्ता : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उज्जैन लोकसभा के उज्जैन उत्तर, उज्जैन दक्षिण एवं घट्टिया विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति की दशा और दिशा बदली है। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए प्रधानमंत्री सभी के जीवन में खुशियां ला रहे हैं।

देश में गुलामी का एक ही प्रतीक बचा है, वो है कांग्रेस। कांग्रेस जिस वर्ग को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति करती है, आज वो वर्ग भी यह महसूस करने लगा है कि आजादी के बाद 75 वर्षों में यदि किसी प्रधानमंत्री ने उनके लिए काम किया है, तो नरेंद्र मोदी ही हैं। लेकिन कांग्रेस इनके बीच भ्रम फैला रही है। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ता सतर्क रहें। बिना संकोच के अल्पसंख्यक भाईयों के घर जाएं, उनसे मिलें और उनका विश्वास जीतें। मोदी कहते हैं कि हमें सबका विश्वास जीतना है। इसलिए ये चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं, बल्कि हर वर्ग का विश्वास जीतने का चुनाव है।

### उज्जैन में जनसंपर्क कर किया मतदाता पर्ची



### कार्यकर्ता ही पार्टी के चाणक्य, वही रणनीतिकार

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के चाणक्य, वही रणनीतिकार है। 2023 के विधानसभा चुनाव में कोई भी कुछ दावा नहीं कर पा रहा था। ऐसे में हमारे गृहमंत्री अमित शाह ने सभी संभागों के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रणनीति बनाता है। हर चुनाव में वही प्रत्याशी होता है, चुनाव लड़ता है और जीतता है।*

### बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना की

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को उज्जैन में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की।



### कांग्रेस के देशद्रोही एजेंडे को जवाब दें

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस 70 सालों तक गरीबी हटाओ का नारा लगाती रही, लेकिन गरीब नहीं हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में 30 करोड़ और मध्यप्रदेश में 2.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कमलनाथ, दिग्विजयसिंह और जीतू पटवारी महिलाओं के प्रति कैसी भाषा का प्रयोग करते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है।

### मैदान से भाग रहे कांग्रेस के प्रत्याशी

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान से भाग रहे हैं। खजुराहो की धरती पर भगवान राम के चरण पड़े थे।*

---

## पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले जागेश्वर यादव को पद्मश्री से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध जागेश्वर यादव को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने जागेश्वर यादव के जीवन को प्रेरणादायक बताया।



सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि- छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बिरहोर के भाई जागेश्वर यादव को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आदिवासी उत्थान के लिए प्रतिबद्ध आपका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

जागेश्वर यादव का नाम 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित हुआ था। जशपुर जिले के बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतर काम करने पर उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जागेश्वर यादव ने आदिवासियों को साक्षर करने और शिशु मृत्यु दर कम करने जैसे बड़े काम किए हैं।

## पत्नी से परेशान होकर कर युवक ने लगाई फांसी

दुर्ग। भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र कैम्प 2 में रहने वाले सुमित कुमार ने देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुमित की दो दिन बाद पत्नी से तलाक के लिए कोर्ट में पेशी होनी थी, लेकिन पेशी से पहले ही सुमित ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुमित ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें लिखा है कि पत्नी से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं। फिलहाल छावनी थाना की पुलिस मामले का जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, सुमित की शादी तीन साल पहले हुई थी। सुमित के दो बच्चे भी हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से सुमित का पत्नी के साथ विवाद चल रहा था।

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जगदलपुर के परपा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे से एक युवक की मौत हो गई है। युवक गुरुवार की सुबह अपने घर से ऑफिस जाने के लिए निकला हुआ था। हादसे में घायल युवक को उपचार ले लिए मेकाज ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने से घर में मातम छा गया। परिजनों के रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने बताया कि 5 वी बटालियन क्वाटर नंबर आर 4 में रहने वाला खेमसिंह पटेल पिता लोकनाथ पटेल 37 वर्ष कुम्हारपारा में वन विभाग कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह अपने स्कूटी वाहन को लेकर कुम्हारपारा स्थित वन विभाग कार्यालय जा रहा था। इस दौरान जगदलपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने खेमसिंह को चपेट में ले लिया, जिससे युवक को गंभीर चोट आई, उसे लोगों ने बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने दम तोड़ दिया।

## पुलिस ने ओड़िशा के तस्कर को रायपुर रेलवे स्टेशन पर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पुलिस ने एक बार फिर निजात अभियान के तहत गांजा तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 16.441 किलोग्राम गांजा के साथ ओडिशा के अंतरराज्यीय गांजा तस्कर बृन्दाबन नूरनाका को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत दो लाख 63 हजार रुपये आंकी गई है। रायपुर में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारोटिक्स टीम को सूचना मिली कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन नंबर सात पर एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है। गांजा को कहीं ले जाने के फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम गठित कर मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बृन्दावन नूरनाका निवासी रायगढ़ा, ओडिशा का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा पाया गया।

### आरोपियों को न्यायालय में पेश किया

## सूने मकान में धावा बोलकर चोरी करने वाले मामा-भांजे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जगदलपुर में चोरों ने अपनी शौक पूरा करने के लिए सूने मकान पर धावा बोल कर नगदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किया। चोरी के पैसे को बांटकर और जेवरात को बेचकर चोरों ने दोस्तों के साथ गोवा में पार्टी करने के लिए फरार हो गए। पुलिस ने उनके आने के बाद बचे पैसों के साथ ही जेवरात खरीदने वाले आरोपी को भी धर दबोचा। साथ ही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

बस्तर एसपी सलभ सिन्हा ने बताया कि मामले में कृष्णा सेटटी को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि 28 फरवरी को मामा राहुल सेटटी के साथ बाइक से थाना नगरनार के ग्राम कस्तुरी में एक सूने मकान पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर सोने-चांदी के जेवरात और नगदी 50 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। दोनों मामा-भांजा चोरों ने चोरी के पैसे 25-25 हजार रुपए को आपस में बांट लिए। सोना और चांदी के गहने को राहुल सेट्टी ने संदीप सेठिया को बेच दिया। आरोपियों ने 30 मार्च को भी इसी तरह के घटना को अंजाम दिया। साथ ही वहां से भी नगदी 50 हजार रुपये और जेवरात पार किया। सोने-चांदी के जेवरात बेचने पर चोरों के पास एक लाख 40 हजार रुपये को बटवारा किए।




## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई–नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएं, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022 के अनुसार दिल्ली मंडल के हज़रत निज़ामुद्दीन (HNZM) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म–1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 71.79 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है :

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 24.05.2024 को प्रातः 11:00 बजे | हज़रत निज़ामुद्दीन (HNZM) रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म –1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 71.79 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

1 ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोली दाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learningcentre.html. (E-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।

2 **धरोहर राशि जमा (ईएमडी)**: नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोली दाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।

3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इनअनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

1416/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

## दिव्यांगजनों का मतदान करना हुआ आसान






सक्षम-ईसीआई एप
Saksham-ECI App

मतदान की तिथि
25 मई, 2024

**मतदाता के रूप में रजिस्टर करें**

- नव मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन
- दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित करें
- वोटर कार्ड में संशोधन
- वोटर कार्ड को आधार से लिंक करना

**मतदान केन्द्र पर सुविधाएं**

- व्हील चेयर की सुविधा
- निःशुल्क परिवहन सुविधा

प्ले स्टोर से SAKSHAM-ECI App डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा
30 बेज़ बिल्डिंग, सेक्टर 17, चण्डीगढ़
e-Mail: ceo_haryana@eci.gov.in | Website: www.ceoharyana.gov.in

1950 Voter Helpline

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# कनाडा को अलगाववाद के समर्थन की आजादी नहीं

खालिस्तानी अलगावादी तत्वों को लेकर कनाडा का रुख चिंतनीय है। भारत के आतंकवाद के खतरे के बारे में बार बार आगाह करने के बाद भी कनाडा का खालिस्तानी अलगाववादियों के प्रति सहानुभूति वाले रुख से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई कमजोर पड़ेगा। कनाडा को इस बात का भान है कि नहीं, लेकिन समूची दुनिया खतरनाक आतंकवाद का सामना कर रही है, और सभी प्रमुख ताकतें इसके खिलाफ लड़ रही हैं। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, यूके आदि देश आतंकवाद के दंश को झेल चुके हैं। खालिस्तानी अलगाववादियों के प्रति कनाडा का सिलेक्टव होना खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत ने दो टूक कहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद के समर्थन की आजादी नहीं है। कनाडा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर खालिस्तानी अलगाववादियों के कृत्यों का समर्थन करना रहा है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। आतंकवाद विश्व के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका विश्व के सामने कुछेक बड़े उदाहरण हैं। अमेरिका ने 9/11 भुगता, भारत ने मुंबई ब्लास्ट व 26/11 का सामना किया, भारत तो करीब चार दशक से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है। आतंकी गुट तालिबान का अफगानिस्तान पर शासन है, इस्लामिक स्टेट की वजह से इराक व सीरिया लहूलुहान हुए। आज आतंकी गुट हमास के हमले के चलते इजराइल को जंग लड़ना पड़ रहा है, इसमें खास बात है कि आतंकी गुट हूती समेत ईरान व कतर जैसे राष्ट्र आतंकी गुट हमास के पक्ष में इजराइल को धमका रहे हैं और हमास का साथ दे रहे हैं। इसलिए वैश्विक आतंकवाद के सभी रूपों को पहचानना जरूरी है, इसके खतरे के प्रति सचेत रहना आवश्यक है और इसके खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ना भी जरूरी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना उचित है कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से 'अधिक शक्तिशाली' है। भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। हैरानी है कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है? किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर कनाडा में ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो कनाडा सरकार का दायित्व है कि वह इसकी जांच करे। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नई दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है। निज्जर मुद्दे में अमेरिका भी कूदा हुआ है, हालांकि भारत की प्रतिक्रया के बाद अमेरिका संभला है। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। यह लगभग 10 वर्षों से चल रहा है। पिछले कुछ महीनों में, कनाडा में अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर भारत चिंता व्यक्त करता रहा है। कनाडा अड़ियल रुख छोड़े, खालिस्तानी अलगाववादियों को पनाह देना बंद करे, आतंकवाद को पालने का क्या हश्र होता है, यह कनाडा पाकिस्तान से सीखे।



# यूक्रेन युद्ध एक नए दौर में

विश्लेषण
प्रभात कुमार राय

यूक्रेन 2 वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध की ज्वालाओं में जलकर खाक होता रहा है और समस्त दुनिया यूक्रेन की तबाही का महज तमाशा देखती रही है। रूस की सेना द्वारा यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन विमानों के हमले तेज कर दिए गए हैं। एक ही दिन में 500 से 1000 मिसाइलों को यूक्रेन के शहरों पर दागा जा रहा है। विगत वर्ष पूर्वी यूक्रेन के जिन शहरों पर यूक्रेन सेना द्वारा फिर से अपना आधिपत्य स्थापित किया था, इस वर्ष उन शहरों को रूसी सेना द्वारा फिर से जीत लिया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यूक्रेन युद्ध तकरीबन अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है, जबकि रूस सैन्य फतेह के अत्यधिक निकट आ चुका है।

पूर्वी यूक्रेन में चारों तरफ विध्वंस और भयानक तबाही का दर्दनाक मंजर दिखाई देता है। यूक्रेन वस्तुत 2 वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध की भीषण ज्वालाओं में जलकर खाक होता रहा है और समस्त दुनिया यूक्रेन की तबाही का महज तमाशा देखती रही है। वर्ष 2024 प्रारंभ होते ही रूस की सेना द्वारा यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन विमानों के हमले बहुत तेज कर दिए गए हैं। एक ही दिन में 500 से 1000 मिसाइलों को यूक्रेन के प्रमुख शहरों पर लगातार दागा जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन इन के शहरों में राजधानी कीव, वलेरी, खार और जापोरोजिया के नगर मुख्य तौर पर शामिल है। विगत वर्ष पूर्वी यूक्रेन के जिन शहरों पर यूक्रेन सेना द्वारा फिर से अपना आधिपत्य स्थापित किया था, इस वर्ष उन शहरों को रूसी सेना द्वारा फिर से जीत लिया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यूक्रेन युद्ध तकरीबन अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है, जबकि रूस सैन्य फतेह के अत्यधिक निकट आ चुका है।

यूक्रेन के नागरिकों को और यूक्रेन की हुकूमत को यह प्रबल उम्मीद थी कि इन नाटो सैन्य संगठन में शामिल पश्चिम के यूरोपीय देश और अमेरिका यकीनन यूक्रेन को रूस के विरुद्ध जारी युद्ध में भरपूर सैन्य सहायता करेंगे। पश्चिम के नाटो सैन्य संगठन के दमखम पर ही यूक्रेन ने नाटो का सदस्य देश बनने की दरखास्त पेश की थी, जिसकी प्रतिक्रिया के कारण रूस द्वारा इस युद्ध का आगाज किया गया। क्योंकि रूसी हुकूमत को पक्का अंदेशा था कि नाटो सैन्य संगठन में यूक्रेन के शामिल हो जाने के पश्चात नाटो सेनाएं उसकी सरहद पर तैनात हो जाएंगी, इसीलिए रूस द्वारा 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर सैन्य धावा बोल दिया गया। रूस के प्रेसिडेंट पुतिन को उम्मीद थी कि कुछ ही महीनों में रूसी सेना का लाल झंडा यूक्रेन की राजधानी कीव पर लहरा दिया जाएगा। प्रेसिडेंट पुतिन की इस उम्मीद पर विकट वज्रपात करने के लिए वस्तुतः यूक्रेन की पराक्रम और शौर्य से परिपूर्ण आम जनता जिम्मेदार है। यूक्रेन के बेहद बहादुर जनमानस ने 2 वर्ष से अधिक वक्त तक रूस की सेना के छक्के छुड़ाए रखें है, किंतु इस वक्त यूक्रेन की जनसेना के पास आधुनिकतम हथियारों की बेहद कमी हो गई है, क्योंकि अमेरिका की संसद में यूक्रेन को सैन्य सहायता प्रदान करने पर कुछ नए अवरोध उत्पन्न कर दिए गए हैं। यूक्रेनी जनसेना के कमांडर इन चीफ जनरल वेलेरिली ने फरमाया है कि इस युद्ध को आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों और आधुनिकतम टेक्नोलॉजी के बल पर ही जीता जा सकता है। यूरोप के नाटो देशों में यूक्रेन युद्ध के प्रश्न पर गंभीर फूट पड़ गई है। पूर्वी यूरोप के देश स्लोवाकिया में तो रूस समर्थक सरकार सत्तासीन हो गई है। यूक्रेन युद्ध के दौर में यूक्रेन की अर्थव्यवस्था तो तकरीबन बर्बाद हो चुकी है, किंतु तीव्र गति से रूस की अर्थव्यवस्था निरंतर शक्तिशाली होती जा रही है और रूस की जीडीपी में पांच प्रतिशत की सालाना ग्रोथ दर्ज की गई है। यूक्रेन युद्ध के दौर में रूस की अर्थव्यवस्था के शक्तिशाली होते जाने की पृष्ठभूमि में निहित है, उसका आर्थिक स्रोत प्राकृतिक गैस और तेल का निर्यात। एक तरफ अमेरिका और यूरोप द्वारा रूस पर कड़े आर्थिक



प्रतिबंध आयद किए गए हैं और इसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक गैस और तेल की सप्लाई यूरोप में बेहद कम हो गई है, किंतु रूस को चीन में और भारत में प्राकृतिक गैस और तेल निर्यात का नए बाजार उपलब्ध हो गए हैं। रूस के लिए प्राकृतिक गैस और तेल और सैन्य हथियारों का निर्यात ऐसा प्रबल आर्थिक स्रोत हैं, जिससे रूस की अर्थव्यवस्था युद्ध के लंबे दौर में भी डगमगाई नहीं है, वरन और अधिक शक्तिशाली होकर उभरी है। उल्लेखनीय है कि रूस विश्व पटल पर प्राकृतिक गैस और तेल उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अग्रणी देशों की श्रेणी में एक रहा है। व्लादिमीर पुतिन ने प्राकृतिक गैस और तेल की आर्थिक ताकत को प्रेसिडेंट येल्तसिन के दौर में रूस का प्रधानमंत्री बनते ही पहचान लिया था और रूस का प्रेसिडेंट बनते ही सबसे पहले उन्हें उन्होंने तेल उत्पादन के औलीगार्क बन गए खोदरकोवस्की को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया और प्राकृतिक गैस और तेल उत्पादन करने वाली कंपनी गैसप्राम को पूरी तरह से हुकूमत के सीधे नियंत्रण में ले लिया गया।

नेपोलियन का कहना था की फ़ौज पेट के बल मार्च करती है। अतः कोई भी देश प्रबल आर्थिक शक्ति के बलबूते पर ही कोई दीर्घकालीन युद्ध लड़ सकता है। युद्ध के दौर में तकरीबन नष्ट हो चुकी यूक्रेन की अर्थव्यवस्था उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन गई है। यूक्रेन के नागरिक बड़े पैमाने पर पूर्वी यूरोप के देशों में पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। यूक्रेन के पास आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों का जबरदस्त अभाव उत्पन्न हो चुका है और नाटो राष्ट्रों की ओर से उसको भरपूर सैन्य सहायता प्राप्त नहीं हो पा रही हैं। आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के संचालन में सैनिकों को दीक्षित होने में काफी वक्त लग जाता है और युद्ध के दौर में किसी सेना के पास सैन्य प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त वक्त भी नहीं होता है। केवल सेना के शौर्य और पराक्रम के बल पर यदि युद्ध जीता जा सकता तो फिर यूक्रेन को भी वियतनाम की तरह कोई पराजित नहीं कर सकता है। वियतनाम को अमेरिकी सेना से युद्ध करने के लिए सोवियत रूस और चीन के आधुनिकतम हथियार प्राप्त होते रहे थे, किंतु जमीनी हकीकत है कि किसी सेना को युद्ध में निर्णायक तौर पर फतेहयाब होने के लिए आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों और टेक्नोलॉजी की आवश्यकता भी उतनी ही रहती है, जितनी कि सैन्य पराक्रम और शौर्य। यूरोपीय यूनियन ने अब यूक्रेन को अपना सदस्य बनाने के बारे में विचार करना प्रारंभ किया है। यदि यूक्रेन यूरोपीय यूनियन का सदस्य देश बन जाता है तो उसकी अर्थव्यवस्था में एक नई जान फूंकी जा सकती है। अफगानिस्तान में अमेरिका यूक्रेन युद्ध में सीधे कूदने को तैयार नहीं है। अमेरिका की कयादत के बिना कोई भी नाटो देश यूक्रेन युद्ध में रूस के विरुद्ध अपने सैनिक नहीं भेजेगा, अतः रूस को अब कौन पराजित कर सकेगा। यूक्रेन के पास हथियार नहीं है, मनोबल बचा है। हां अगर आधुनिकतम हथियार भरपूर मात्रा में यूक्रेन को प्रदान कर दिए जाएं तो फिर इस युद्ध को आगे भी यूक्रेन की जनसेना दीर्घकाल तक लड़ा सकती है।

यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण निदान निकालने के लिए समस्त यूरोप ने बड़ी उम्मीद के साथ भारत की तरफ देखा था, लेकिन दुर्भाग्यवश भारत अपने इस कथन से आगे नहीं बढ़ सका कि यह दौर युद्ध का दौर नहीं है। कूटनीतिक तौर पर भारत ने यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए कोई सार्थक पहल अंजाम नहीं दी। चीन तो कदाचित कोई निदान निकल नहीं सकता था क्योंकि वह तो खुलकर रूस के साथ खड़ा हो गया है और उसको आधुनिक लड़ाकू विमान और अन्य अस्त्र-शस्त्र उपलब्ध करा रहा है। तकरीबन दो सैन्य खेमों में विभाजित हो चुके विश्व में केवल भारत ही एक ऐसा देश है, जिसके कूटनीतिक ताल्लुकात रूस और अमेरिका के साथ अत्यंत मैत्रीपूर्ण हैं। यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और विश्व शांति की खातिर शानदार पहल करने में भारत कूटनीतिक रूप से चूक गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है



संकलित
दर्शन

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

## दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है। जब हम दान करते हैं तो प्रकृति भी हमें इसका शुभ फल किसी न किसी रूप में जरूर लौटाती है।

## सारा संसार



*हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में ब्रजेश्वरी मंदिर नगरकोट में स्थित है, भारत के 51 शक्ति पीठों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जलती हुई देवी सती का बायां स्तन उस भूमि पर गिरा जहां आज खूबसूरत बृजेश्वरी मंदिर है, जिसे भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले तीर्थ स्थलों में से माना जाता है।*

सवाल
बालमुकुन्द ओझा



# राहुल को गुस्सा क्यों आता है

राहुल गांधी को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते हैं, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है, जब लोग उन्हें तरह-तरह की उपमाओं से नवाजते हैं। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिला, मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे वंचित रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किंवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की, मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। अमेठी में हार से भी उनका जनाधार घटा। भाजपा का कहना है कि जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों ले। सोनिया, प्रियंका और कांग्रेस के नेता इस सोच में डूबे हैं कि आखिर राहुल में क्या कमी रह गई की जनता उसे स्वीकार नहीं कर रही है। राहुल गांधी खूब पसीना बहाने के बावजूद सियासत में वह मुकाम हासिल नहीं कर पा रहे हैं, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर प्रयासरत है। गांधी-नेहरू परिवार में दो ही ऐसे नेता हुए जिन्होंने हार का स्वाद चखा। एक हार इंदिरा गांधी के साथ जुड़ी है। 1977 में इंदिरा गांधी रायबरेली से समाजवादी नेता राज नारायण से हार गई थी। इस सियासी परिवार के नाम दूसरी हार राहुल गांधी के नाम है, जिन्हें 2019 में स्मृति ईरानी ने हराकर धमाका कर दिया था। हालांकि राहुल वायनाड से जीत कर संसद पहुंच गए थे। राहुल पिछले दो दशकों से जनता से जुड़े मुद्दे उठाकर लगातार एक सफल राजनेता की भूमिका में सक्रियता से जुड़े हैं, मगर लाख प्रयासों के बावजूद वे अपनी पार्टी को हार के गर्त में जाने से नहीं रोक पाए। राहुल की भारत जोड़ो और न्याय यात्रा भी जनता में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। जब दुनियाभर के दिग्गज नेता दिल्ली में आयोजित जी-20 में शामिल होकर जहां भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में खुलकर सराहना कर रहे थे तो वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर देश और मोदी के खिलाफ जहर उगल रहे थे। अपनी यूरोप यात्रा के दौरान बेल्जियम पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थाओं पर चौतरफा हमला हो रहा है। गौरतलब है राहुल ने संवैधानिक संस्थाओं पर भी हमला बोला है। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है, अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कई राज्यो में चिलचिलाती गर्मी से जनजीवन प्रभावित**

कई राज्यो में मई के पहले सप्ताह में गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। पारा उबाल पर है और लू के थपेड़ों से जीवन प्रभावित हुआ है। कई राज्यो में पारा ने लोगों को खूब तपाया। बढ़ती गर्मी के कारण लोग दोपहर को घर से निकलना पसंद नही करते हैं। मौसम विभाग ने भी सतर्कता बरतने की सलाह दी है। दोपहर 12 से शाम को 4 बजे तक बच्चों को बाहर नही निकलना चाहिए। मौसम विभाग ने पारा और अधिक बढ़ने की संभावना जताई है। लोग घरों में कुलर और वातानुकूलित व्यवस्था में लगे है। देश में गर्मी बढ़ने से लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। **- कान्तिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर

# पोप का आग्रह, इतालवी ज्यादा बच्चों को जन्म दे

पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चों को जन्म देने का आग्रह किया और आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'जन्म की संख्या लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। बच्चों और युवाओं के बिना एक देश की भविष्य के प्रति कोई आकांक्षा नहीं रह जाती।' इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है और यह 15 वर्षों से लगातार गिर रही है। यह पिछले साल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। देश में पिछले वर्ष 3,79,000 शिशुओं का जन्म हुआ। वैटिकन के मजबूत समर्थन से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने 2033 तक सालाना कम से कम 5,00,000 शिशुओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान शुरू किया है। जनसांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि यह दर इटली की बढ़ती आबादी के बोझ तले अर्थव्यवस्था को ढहने से रोकने के लिए जरूरी है। पोप ने दंपतियों को और अधिक बच्चे जन्म देने के प्रति प्रोत्साहित करने के वास्ते दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की।



## ऑफ बीट

# नींद में पड़ी झुर्रियां होती हैं अस्थायी

जब आप सुबह नींद से जागते हैं और शीशे में अपना चेहरा देखते हैं तो पता चलता है कि रातों रात चेहरे पर कुछ झुर्रियां उभर आयी हैं। नींद में पड़ने वाली ये झुर्रियां अस्थायी होती हैं। लेकिन जैसे ही आपकी उम्र के साथ त्वचा का लचीलापन खत्म होता है, ये झुर्रियां सही हो सकती हैं। झुर्रियां बनने से रोकने की संभावना कम से कम करने के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं। करवट लेकर सोने से आपके चेहरे पर क्या असर होता है: आपकी त्वचा पर कई कारणों से झुर्रियां पड़ती हैं, जिनमें उम्र बढ़ना, धूप से होने वाला नुकसान, धूम्रपान, पानी कम पीना, आदतन चेहरे के भाव (जैसे मुस्कुराना, थपथपाना, भौंहें चढ़ाना) और सोने की स्थिति शामिल हैं। जब आप करवट लेकर या पेट के बल सोते हैं तो आपके चेहरे की त्वचा में कसावट आ जाती है और पीठ के सहारे सोने पर यह और अधिक कस जाती है। जब आप करवट लेकर या पेट के सहारे सोते हैं तो तकिए के विरुद्ध आपके चेहरे पर गुरुत्वाकर्षण का दबाव होता है। तो जब आप नींद में हिलते हैं तो आपके चेहरे की त्वचा पर प्रभाव पड़ता है, यह दबती है और सभी दिशाओं में खिंचती है। आप पीठ के सहारे या बार-बार सोने की मुद्रा बदलकर चेहरे पर इन बाहरी कारकों के प्रभाव को कम कर सकते हैं। डॉक्टर आपके चेहरे को देखकर बता सकते हैं कि आपको किस करवट सोना चाहिए।



## ट्रेंड

### इंडी का सूरज अस्त होगा

विकसित भारत के निर्माण के महायज्ञ में आहुति देने के लिए जनता-जनार्दन इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। नंदुरबार में लोगों का उत्साह साफ बता रहा है कि 4 जून को कांग्रेस और इंडी अघाड़ी का सूरज अस्त होने जा रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं

यदि आप इच्छाओं को पूरा करने के बजाय अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हैं, तो आप इस जीवन को सहजता से, शालीनता से, बहुत अच्छा करते हुए आगे बढ़ेंगे। इंसान होने का मतलब है कि आप जो कुछ भी करते हैं उसके बारे में सचेत रहने में सक्षम होना

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### गिनती का विरोध क्यों

बजाय जातिगत जनगणना कराने के मोदी अकर्मण्य आर्थिक सलाहकार समिति की मनगढ़ंत रिपोर्ट के पीछे ना छुपें। हम डंके की चोट पर जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं जिससे दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीब सामान्य वर्ग से न्याय हो। मोदी गिनती का विरोध क्यों करते हैं?

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता



### 500 मिलियन डॉलर खर्च करेगा

टेस्ला इस साल हजारों नए चार्जर बनाने के लिए हमारे सुपरचार्जर नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 500 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च करेगा। यह केवल नई साइटों पर है, संचालन लागतों की गणना नहीं की जा रही है, जो बहुत अधिक हैं।

-एलोन मस्क, उद्योगपति



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

राउत की विवादित टिप्पणी पर पीएम मोदी का पलटवार

# नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे, ये नकली और नफरती लोग जिंदा तो क्या, मरने के बाद भी नहीं गाड़ पाएंगे



पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि तुष्टिकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे।

देश की माता-बहनें हमारी रक्षा को खड़ी ये क्या करेंगे




कांग्रेस के साथ ही पीएम ने इंडी गठबंधन को आड़े हाथ लिया

ये चुनाव को जीतने को तुष्टीकरण की भाषा बोलने लगे

एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। पीएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी। ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टीकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। पीएम ने कहा कि तुष्टीकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी। ये मातृ शक्ति मेरा रक्षा कवच है। मुझ पर मातृ शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते।

- विपक्ष को गरीब और कुछ लोगों से नफरत होने लगी

### उन्होंने झूठ की फैक्ट्री खोल ली

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि वे विकास में मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोली है और झूठ फैलाकर वे वोट लेना चाहते हैं। हमने पक्का घर दिया मतलब चार दीवारें दी ऐसा नहीं है, हमने बिजली, पानी, गैस कनेक्शन भी दिया। एनडीए सरकार ने महाराष्ट्र के 20 हजार से अधिक गांवों में हर घर जल पहुंचाया है। इसमें नंदुरबार के कठिन इलाके भी शामिल हैं।

**राष्ट्रपति पर की रंगभेदी टिप्पणी**

पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने एनडीए ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया लेकिन कांग्रेस वालों ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए रात-दिन एक किया था। कांग्रेस के शहजादे के गुरु ने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। रंग के आधार पर भेद का आरोप लगाया है। जिनका रंग भगवान कृष्ण जैसा होता है उन्हें कांग्रेस अफ्रीकन मानती है। उन्होंने लोगों से कहा यहां जो भगवान कृष्ण के रंग वाले हैं वो अफ्रीकन हैं क्या ?

खूंटी में गृहमंत्री शाह ने विपक्ष पर किया हमला

### कांग्रेस ने घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाया



केंद्रीय गृह मंत्री ने झारखंड के खूंटी में जनसभा में इंडिया अलायंस पर जमकर निशाना साधा है। शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोला, वहीं कांग्रेस की पाकिस्तान परस्ती को लेकर जमकर प्रहार किया। शाह ने संबोधन की शुरुआत बिरसा मुंडा को याद करते हुए की। पीएम मोदी जी ने 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ये गौरव की बात है। घुसपैठियों की समस्या को सबसे बड़ा बताया।

**कांग्रेस ने आदिवासियों का 350 करोड़ कैश लूटा**

शाह ने कहा कि कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए कैश पकड़ा गया। ये पैसा आपका है, मेरे आदिवासी भाइयों का है, जो राहुल बाबा की पार्टी लूट कर ले गई है। मंत्री के यहां से 35 करोड़ रुपए और ज्वेलरी मिले। ये सारा रुपया झारखंड के आदिवासी भाइयों और पिछड़ा समाज के लोगों का है।

दुमका में रक्षा मंत्री राजनाथ की ललकार

### झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त, नोटों के पहाड़ मिले



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड के दुमका में झारखंड के सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर निशाना साधा। सिंह ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर गले तक भ्रष्टाचार में डूबे होने और लोगों का शोषण करने का आरोप लगाया है। झामुमो के नेतृत्व वाला भ्रष्ट गठबंधन निर्दोष लोगों का खून चूस रहा है। वह उनके साथ विश्वासघात कर रहा है। भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति में विश्वास करती है।

**आरएसएस कभी जाति की बात नहीं करता, विपक्ष अल्पसंख्यकों को डरा रहा**

लखनऊ। भाजपा कभी हिंदू-मुसलमान बंटवारे की राजनीति नहीं करती। आजादी के बाद सीमाओं की रक्षा में किसी ने पहली शहादत दी तो वो मो. उस्मान थे। विपक्ष हमेशा अल्पसंख्यकों को भाजपा का डर दिखाता है। गोमतीनगर विस्तार में प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में राजनाथ ने यह बात कही।

नड्डा का पंचकूला में रोड शो



### ये बंतो का नहीं, मोदी का चुनाव है

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंचकूला में रोड शो किया। रोड शो में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। रोड शो के दौरान नड्डा पर जम कर फूल बरसाए गए। वहीं बंतो कटारिया पूरे रास्ते हाथ जोड़ कर चली और वोट की अपील की। रोड शो सेक्टर 7 से शुरू होकर सेक्टर 8 भाजपा कार्यालय पहुंचा। नड्डा ने भाजपा नेताओं की बैठक ली।

### राहुल के खिलाफ बयान पर राणा पर एफआईआर



**हैदराबाद।** राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी के मामले में अमरावती से लोकसभा सांसद और भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। राणा के खिलाफ चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत मिली है। आयोग के एफएसटी कृष्ण मोहन ने राणा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### प्रियंका के 'बी टीम' कहने पर भड़के ओवैसी



**आपका भाई अमेठी हारा...**

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रियंका गांधी पर जमकर निशाना साधा। ओवैसी ने प्रियंका से पूछा कि आपका भाई अमेठी में चुनाव हारा, क्या वहां से मैं लड़ा? प्रियंका ने रायबरेली में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल के पक्ष में प्रचार करते हुए ओवैसी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि ओवैसी सीधे तौर पर भाजपा के साथ काम कर रहे हैं।

### सिर्फ परिवार की सीटें बचाने में जुटे राहुल-अखिलेश



**लखनऊ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल अमेठी से हार कर वायनाड पहुंचे और वायनाड से रायबरेली पहुंच गए हैं। वह वायनाड और रायबरेली दोनों क्षेत्रों से हारेंगे। सपा पति-पत्नी यानी अखिलेश और डिंपल को जिताने में लगी है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि सपा मैनपुरी और कन्नौज लोकसभा सीट भी हार रही है।

### निर्वाचन आयोग ने खरगे को लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार लगाई। आयोग ने बयानों को चुनाव संचालन के अहम पहलुओं पर आक्रामकता करार दिया। आयोग ने कहा, मतदान से जुड़ा डेटा जारी करने के संबंध में कांग्रेस के आरोप निराधार हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को कराने में भ्रम पैदा होता है। इससे चुनाव पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### अमृतपाल डिब्रूगढ़ जेल में ही भरेगा नामांकन



**चंडीगढ़।** नेशनल सिक्योरिटी एक्ट में डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह का नामांकन जेल के सुपरिंटेंडेंट जेल में ही करवाएंगे। पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट को जानकारी दी कि सोमवार को सिंह के नामांकन का काम पूरा हो जाएगा। इस जानकारी के बाद हाईकोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका का निपटारा कर दिया।

---

## खबर संक्षेप

### वंदे भारत खाली, वैष्णव बोले- हो रही बुकिंग



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की केरल इकाई ने दावा किया था कि वंदे भारत रेलगाड़ियों में सीट बुकिंग केवल 50 प्रतिशत ही है। रेल मंत्री ने इस दावे का खंडन करते हुए गुरुवार कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में सीट बुकिंग 98 प्रतिशत है। अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा, 'यह कांग्रेस के झूठ के बुलबुले को फोड़ने का समय है। 7 मई को वंदे भारत रेलगाड़ियों सीट बुकिंग 98 फीसदी रही।

### नैनीताल हाईकोर्ट शिफ्टिंग पर 'हंगामा'



**नैनीताल।** नैनीताल में मंडल मुख्यालय से हाई कोर्ट शिफ्टिंग के लिए जगह का चयन करने को लेकर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं ने एकमत कहा कि हाई कोर्ट को नैनीताल से शिफ्ट न किया जाए। अगर कोर्ट के लिए जगह की कमी है तो सरकार से नैनीताल जिला मुख्यालय में शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल, टेलीफोन एक्सचेंज, कुमाऊं विवि की खाली भूमि का अधिग्रहण कर सकती है।

### दाभोलकर हत्याकांड, 2 को उम्रकैद और 3 बरी



**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर नरेंद्र दाभोलकर की हत्या का मामला एक बार फिर चर्चा में है। नरेंद्र दाभोलकर महाराष्ट्र में अंधविश्वास के खिलाफ आंदोलन चलाते थे, जिनकी 2013 में हत्या कर दी गई थी। पुणे की एक विशेष अदालत ने आज इस मामले में फैसला सुनाया। 5 आरोपी में से 2 को दोषी करार दिया। 3 को बरी कर दिया गया है।

---

कन्नौज में गरजे राहुल, बोले- 22 लोगों के लिए काम करते हैं पीएम

# गरीब परिवारों की महिलाओं को देंगे साल में एक लाख रु.

जयराम ने कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक होगा और सत्ता में गठबंधन की सरकार आ रही

एजेंसी ▶▶ कन्नौज

राहुल गांधी ने एक चुनावी जनसभा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी 22 लोगों के काम करते हैं। जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर पैसा है।

इसके लिए इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है कि हम 22 अरबपति की जगह करोड़ों गरीब परिवारों को लखपति बनाएंगे। यूपी के कन्नौज लोकसभा से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं। जहां उनके समर्थन में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। इस योजना के तहत हम देश के गरीब करोड़ों परिवारों की एक सूची तैयार करेंगे। इस सूची में प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को चुना जाएगा। जिसके बाद उन महिलाओं के खाते में 8500 रु. हर महीने जमा किए जाएंगे। कन्नौज में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में 13 मई को होना है। जिसको लेकर सपा की चुनावी रैली आयोजित की गई।

» राहुल ने अपने कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर कहा



**जयराम बोले 2024 के परिणाम में दिखाई देगी 2004 वाली तस्वीर**

### भाजपा तो दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कम्युनिकेशन इंचार्ज जयराम रमेश का कहना है कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्थिति काफी कुछ साफ हो गई है। नरेंद्र मोदी अब निवर्तमान प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। यह चुनाव ऐतिहासिक होगा और सत्ता में गठबंधन की सरकार आ रही है। अगले चरणों में गठबंधन बहुमत में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल के पहले दौर के बाद, यह बहुत स्पष्ट हो गया था- दक्षिण में भाजपा साफ, उत्तर में भाजपा हाफ। 27 अप्रैल को दूसरे दौर के बाद, यह और भी स्पष्ट हो गया कि पूरे दक्षिण भारत में भाजपा का पूरी तरह से सफाया होने जा रहा है और भारत के उत्तर और मध्य भाग में, 2019 में इसकी संख्या आधी रह जाएगी। इसलिए 3 राउंड के अंत में हमने 2004 में जो देखा था 2024 में दोहराने जा रहे हैं। इंडिया अलायंस को स्पष्ट और ठोस बहुमत मिलने जा रहा है। रमेश ने कहा कि नोटबंदी पूरी तरह से एक आपदा थी, पूरी तरह से विफलता थी।

महाराष्ट्र के नंदुरबार में बोले पीएम मोदी

# 'आरक्षण' को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह

मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की



एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महाराष्ट्र काफी अहम राज्य है। यहां पर कुल 48 लोकसभा सीटें हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोल ली है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। धर्म आधारित आरक्षण बाबासाहेब आंबेडकर के सिद्धांत के खिलाफ है।

**कर्नाटक के मुसलमानों को रातों-रात पिछड़ा बना दिया**

कर्नाटक के मुसलमानों को रातों रात पिछड़ा बना दिया गया। कांग्रेस कर्नाटक का मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहती है। ये महा विकास अघाड़ी आरक्षण के भक्षण का महाअभियान चला रही है। एससी-एसटी, ओबीसी का आरक्षण बचाने मैं महायज्ञ कर रहा हूं। कांग्रेस लिख कर दे कि आरक्षण के टुकड़े- टुकड़े कर के उसका एक हिस्सा मुसलमानों को नहीं देगी।

**किसने अपनी मां का दूध पीया है जो आपका हक छीन सकता है**

पीएम ने कहा कि शहजादे के गुरु ने कहा कि राम मंदिर और रामनवमी का त्योहार भारत के विचार के खिलाफ है। जब तक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी में से आरक्षण का रत्ती भर भी हिस्सा मैं किसी भी धर्म का आधार पर नहीं देने दूंगा। कोई इसे हाथ नहीं लगा सकता। पीएम ने कहा कि मैं जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि वंचित का अधिकार है मोदी उसका चौकीदार है। उन्होंने कहा कि मोदी जैसा चौकीदार हो किसने अपनी मां का दूध पीया है जो आपका हक छीन सकता है।

---

दस साल सत्ता में रहे बीआरएस दो राष्ट्रीय दलों के बीच संघर्ष करने को मजबूर

# तेलंगाना: लोकसभा के सियासी जंग में भाजपा व कांग्रेस के बीच घमासान!

ओपी पाल ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में पिछले कुछ माह से बदली सियासी परिस्थियों के बीच ऐसे समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, जब आंध्र प्रदेश से अलग होते ही तेलंगाना में सत्तासीन हुई टीआरएस (अब बीआरएस) को दस साल बाद कांग्रेस के हाथों राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी।

पिछले लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीट लेने वाली टीआरएस इस बार लोकसभा चुनाव में दो राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस बीच होती चुनावी जंग में फंसती नजर आ रही है। सत्तासीन कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है, दूसरी ओर पिछले चुनाव में चार सीट जीतने वाली भाजपा के लिए कर्नाटक के बाद दक्षिण भारत में तेलंगाना में अपनी सियासी जमीन में लगातार विस्तार की संभावनाएं है। इस बार के. चन्द्रशेखर राव की बीआरएस को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

यहां ज्यादातर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही आमने सामने की चुनावी जंग हो सकती है। बीआरएस में इतनी तोड़फोड़ हुई कि दो तरफा संकट से घिरी केसीआर की भारत राष्ट्र समिति को इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस जैसी दो राष्ट्रीय दलों के बीच मुकाबले में रहने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यहां की सभी 17 लोकसभा सीटों पर बीआरएस ने अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं, तो वहीं भाजपा और कांग्रेस भी सभी सीटों पर चुनावी जंग लड़कर अपनी ताकत झोंक रही हैं। एआईएमआईएम समेत विभिन्न दलों और निर्दलीय समेत 525 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### 8 लाख युवा डालेंगे पहला वोट

*तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए 3,17,17,389 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1,58,71,493 पुरुष, 1,58,43,339 महिला और 2,557 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। तेलंगाना में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के 8,11,640 नए युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। राज्य के मतदाताओं में 80 वर्ष से अधिक आयु के 4,43,943 तथा 5,06,493 दिव्यांग मतदाता भी वोटिंग के लिए अधिकृत है।*

### मल्काजगिरि सीट पर देश के सबसे ज्यादा मतदाता

*मल्काजगिरि लोकसभा सीट पर मतदाताओं के आधार पर सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र हैं, जहां इस बार लोकसभा चुनाव के लिए 37,47,265 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना हुआ है, इनमें 19,29,471 पुरुष, 18,17,259 महिलाएं और 535 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं।*

### जातीय समीकरण

*तेलंगाना राज्य की आबादी में हिंदू 85 फीसदी, 13 फीसदी मुस्लिम और 2 फीसदी ईसाई हैं। यहां सियासी जातीय समीकरण पर गौर की जाए, तो राज्य में ओबीसी 57 प्रतिशत और एससी 15.4 प्रतिशत और एसटी 9.5 प्रतिशत है। वहीं राज्य में 18 फीसदी सवर्ण और करीब 10 फीसदी आदिवासी समुदाय भी राजनीति में अहम योगदान देते आ रहे हैं। जातियों के लिहाज हिंदू धर्म में कापू 14 से 15 फीसदी हैं, तो मडिगा 9 फीसदी है।*

### इन सीटों पर दिग्गजों के बीच मुकाबला

*यहां हैदराबाद, सिकंदराबाद, निजामाबाद, करीमनगर और मल्काजगिरी लोकसभा सीटों पर राजनीति के दिग्गजों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। हैदराबाद सीट पर सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जैसे दिग्गज को चुनौती देने भाजपा ने प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी माधवी लता को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी भाजपा प्रत्याशी के रुप में तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका मुकाबला कांग्रेस के दानम नागेन्द्र और बीआरएस के टी. पद्मा राव गौड से होगा। करीमनगर में भाजपा ने मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार को प्रत्याशी बनाया है।*

### इस कारण बढ़ा वोटिंग का समय

*तेलंगाना में भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण हैदराबाद, करीमनगर, जहीराबाद, सिंकदराबाद, चेवेल्ला, नगरकर्नूल, भोंगिर, निजामाबाद ,मेडक, मल्काजगिरि, महबूबनगर और नलगौंडा सीट पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से 5 बजे के बजाए 6 बजे तक किया है। आदिलाबाद की पांच, पेद्दापल्ले की तीन, वारंगल की की छह, महबुबाद के तीन और खम्मन लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान क्षेत्रों के मतदान के लिए भी यही राहत दी है।*

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स का शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़ा




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 17,528.59 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) में शुद्ध लाभ 5,496.04 करोड़ रुपये था। कंपनी का आय 1,19,986.31 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,05,932.35 करोड़ रुपये थी।

### बैंक ऑफ बडौदा का लाभ बढ़कर 4886 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 2.3 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,886 करोड़ रुपये हो गया। बीओबी ने शुक्रवार को मार्च, 2024 के इस तिमाही नतीजे की शेयर बाजार को सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 4,775 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।
आलोच्य अवधि में बैंक की कुल आय बढ़कर 33,775 करोड़ रुपये हो गयी जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 29,323 करोड़ रुपये थी। बैंक के निदेशक मंडल ने दो रुपये के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 7.60 रुपये का लाभांश देने की भी अनुशंसा की है।

# टाटा नाम इस्तेमाल करने का लेता है फीस, टाटा संस ने दोगुनी कर दी फीस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के दिग्गज कारोबारी समूहों में गिने जाने वाले टाटा ग्रुप का बिजनेस कई सेक्टर में फैला हुआ है। टाटा ग्रुप ने अलग-अलग सेक्टर में काम करने के लिए कई कंपनियां खोली हुई हैं।

■ टाटा ने अलग-अलग सेक्टर में काम करने खोली है कई कंपनियां

ये सभी कंपनियां अपनी पैरेंट कंपनी टाटा संस को टाटा का नाम इस्तेमाल करने के बदले में रॉयल्टी फीस चुकाती हैं। अब टाटा संस ने इस रॉयल्टी फीस में इजाफा कर दिया है। अब टाटा ग्रुप की कंपनियों को टाटा संस को 200 करोड़ रुपये ब्रांड सब्सक्रिप्शन फीस या रॉयल्टी फीस के तौर पर चुकाने होंगे। टाटा ग्रुप ने इस फीस को दोगुना कर दिया है। किसी भी कंपनी के साथ टाटा का नाम जुड़ा होना कस्टमर्स के लिए एक भरोसे का प्रतीक होता है। इसी के बदले में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी कंपनियां टाटा संस को रॉयल्टी फीस चुकाती हैं।

## सभी कंपनियां टाटा संस को टाटा का नाम इस्तेमाल करने की रॉयल्टी चुकाती है

### रतन टाटा ने साल 1996 में शुरू की थी रॉयल्टी फीस

यह ब्रांड सब्सक्रिप्शन स्कीम टाटा संस के मानद अध्यक्ष रतन टाटा ने साल 1996 में शुरू की थी। इसके मुताबिक, ग्रुप की हर कंपनी या तो अपने सालाना रेवेन्यू का 0.25 फीसदी या फिर प्री टैक्स प्रॉफिट का 5 फीसदी टाटा संस को रॉयल्टी फीस के तौर पर देगी। यदि कोई कंपनी अप्रत्यक्ष तौर पर टाटा ग्रुप का नाम इस्तेमाल करती है तो उसे सालाना रेवेन्यू का 0.15 फीसदी देना होगा। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने ब्रांड सब्सक्रिप्शन से 1008 करोड़ रुपए कमाए थे।




### सायरस मिस्त्री और चंद्रशेखरन ने किया था इसमें इजाफा

साल 2015 में टाटा संस के तत्कालीन चेयरमैन सायरस मिस्त्री ने ब्रांड सब्सक्रिप्शन का अधिकतम दायरा 75 करोड़ रुपए तय कर दिया था। इसके बाद वर्तमान चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इसे 100 करोड़ रुपए कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए पहुंचा दिया गया है।

### टीसीएस ने शयरहोल्डर्स को दी जानकारी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 5 साल पहले तक टाटा ब्रांड के मालिक टाटा संस 100 करोड़ रुपए रॉयल्टी फीस के तौर पर लेते थे। अब इस फीस को डबल कर दिया गया है। टीसीएस द्वारा शेयरधारकों को भेजी गई जानकारी से इस फैसले का पता चला है। टीसीएस के मुताबिक, उसने वित्त वर्ष 2024 में टाटा संस को ब्रांड सब्सक्रिप्शन फीस या रॉयल्टी फीस के तौर पर 200 करोड़ रुपए चुकाए हैं।

## सोना 950 रुपए प्रति दस ग्राम बढ़कर 73000 के पार

# अक्षय तृतीया की मांग से सोना 950 रुपए मजबूत, चांदी 2300 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी। वैश्विक स्तर पर तेजी के रुख और अक्षय तृतीया के अवसर पर मजबूत घरेलू मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 950 रुपए चढ़कर 73,000 रुपए के स्तर को पार कर गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### अमेरिकी आंकड़ों से सोने में आई तेजी

अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई। इससे यह विश्वास बढ़ा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष ब्याज दर में कटौती शुरू कर सकता है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।





### हाजिर सोना 73200 रुपए प्रति 10 ग्राम

इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है।'

### सोने का बंद भाव 52 डॉलर मजबूत रहा

गांधी ने कहा, 'अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खुदरा मांग बढ़ेगी, क्योंकि लोग सोने के सिक्के, छड़ और आभूषण खरीदेंगे।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है।

■ सोना-चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों से गिरावट रही
■ चांदी 2300 रुपए उछलकर 85,500 रुपए प्रति किलोग्राम
■ अक्षय तृतीया के अवसर पर खुदरा मांग में हुई वृद्धि

### सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़ा

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था। इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया।

### चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा उपभोक्ता

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

*देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच फीसदी से अधिक : स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।*

# भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी जेनएआई मंच 'हनुमान' पेश

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' शुक्रवार को पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' मंच अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा। इस एआई टूल को जेनरेटिव एआई कंपनी एसएमएल इंडिया ने अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। एसएमएल इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णु वर्धन ने कहा, 'भारत में एआई नवाचार के एक नए युग का 'हनुमान' प्रतिनिधित्व करता है। हमारा लक्ष्य एक साल में 20 लाख उपयोगकर्ताओं को इससे फायदा पहुंचाना है।'




■ यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध

**PUBLIC NOTICE**
General Public is hereby informed that my client Sh. Ravinder Kumar S/o Hari Chand, R/o RZ B - 81 A, Jeewan Park, Pankha Road, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi - 110059 have severed all ties with his son Rohan Kumar & his wife Neetika due to constant strife and fights between them there has been no harmony in the household since their wedding, as a result of which they have failed to provide them financial, medical expenses & other duties. He disowns both of them from all of his movable, immovable assets and he should not be held responsible for their acts in future.
Gurdip Singh Dua (Advocate)
Enrollment No. : D/235/1977

**ज्योतिष**



सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/-रु.

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबारियों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की घरेलू बाजार से निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता बरतने से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई। सेंसेक्स 260.30 अंक चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 97.70 अंक चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87 प्रतिशत का नुकसान उठाया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।' सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए।




**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण ऋषि उर्फ नेपाली पुत्र रघुबीर सिंह पता डी-14/185, सेक्टर-8, रोहिणी दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 181/22 धारा 411 मा.द.स. एंड 25 आर्म एक्ट के तहत** थानाः नार्थ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण ऋषि उर्फ नेपाली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण ऋषि उर्फ नेपाली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 181/22 धारा 411 मा.द.स. एंड 25 आर्म एक्ट के तहत थाना नार्थ रोहिणी दिल्ली के उक्त करण ऋषि उर्फ नेपाली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
महानगर दण्डाधिकारी (नार्थ-वेस्ट)
कमरा नं. 107, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/4906/RD/2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 Cr. P. C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिमन्नु कुमार पुत्र श्री अर्जुन शाह,** निवासी ग्राम चिपयाना खुर्द तिगरी गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र. ने **FIR. No. 06/22 U/s 392/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **सिविल लाइंस,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिमन्नु कुमार** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिमन्नु कुमार** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 06/22 U/s 392/411/34 IPC.,** थानाः **सिविल लाइंस,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अभिमन्नु कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री. गौरव गोयल, MM
कमरा नंबर 247, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/5263/N/2024

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

### मंगलम विश्वविद्यालय ने फोर्ट सिटी ब्रूइंग हौज़ खाज़ में औद्योगिक यात्रा का आयोजन

**नई दिल्ली।** यात्रा के लिए संसाधन व्यक्ति फोर्ट सिटी ब्रूइंग के संस्थापक, पाश्चर स्ट्रीट ब्रूइंग कंपनी, द क्राफ्ट ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीबीएआई) के सदस्य श्री गौतम गांधी थे। इस यात्रा का आयोजन सहायक प्रोफेसर सुश्री आरुषि चड्ढा द्वारा किया गया था। ब्रूइंग सेमिनार ने बीयर के शिष्य और भविष्य के बियर बनाने वालों के लिए एक अनूठा अनुभव उत्पन्न किया। छात्रों को पूरी बियर की निर्माण शाला का भ्रमण कराया गया और उनकी टीम ने बताया कि 100 लीटर की क्षमता वाले उपकरण का उपयोग करके कैसे बियर बनाई जाती है। उन्होंने यात्रा के दौरान बियर बनाने और किण्वन टैंक, माल्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न अनाज भी दिखाए हैं जो छात्रों को पेय पदार्थों के बारे में जागरूकता लाने में मदद करते हैं। उनके पास बेल्जियन विट, पोहा क्रीमपी, बूट ज्वार लेगर, राक्षस, मोज़ेक पेल एले, ऑरेंज पिनासौर, डार्किन्स ओटमील स्टाउट और कई अन्य जैसे घर में उत्पादित एल्स और लेजर्स की विविधता थी। यह छात्रों के लिए एक शिक्षाप्रद और ज्ञानवर्धक अनुभव था।


### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक व्यापक कार विवरण समाधानः टी ग्लॉस पेश किया

**बैंगलोर।** पाहक सबसे पहले' के अपने दर्शन के अनुरूप, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (टीकेएम) ने आज अपने क्रांतिकारी कार कैपर ब्रांड, टी ग्लॉस' की पेशकश की घोषणा की है। यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब में, टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। इसकी शुरुआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है।1 मई, 2024 से, भारत में प्रत्येक अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर ‘टी ग्लॉस उपचार की पेशकश की जाएगी। यह ग्राहकों को उच्च पेशेवर तरीके से प्रदान किए जाने वाले गुणवत्तापूर्ण कार देखभाल समाधानों तक सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है, जिससे एक सुखद स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित होता है।किसी भी कार निर्माता द्वारा उद्योग में पहली बार, पेश की गई इस तरह की सेवा ‘टी ग्लॉस ब्रांड के तहत उपलब्ध होगी। टीकेएम वाहन की आंतरिक और बाहरी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्यूरेट की गई सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। इसमें सिरेमिक कोटिंग, अंडरबॉडी कोटिंग, साइलेंसर कोटिंग और आंतरिक पैनल सुरक्षा शामिल है। इन उपचारों का उद्देश्य न केवल वाहनों की सौंदर्य अपील को बढ़ाना है ।

### सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का लाभ 43 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत घटकर 3.45 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 6.05 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 136.65 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 119.98 करोड़ रुपये थी। चौथी तिमाही में कुल व्यय 132 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 112.25 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में उसका शुद्ध लाभ 6.69 प्रतिशत बढ़कर 11.80 करोड़ रुपये रहा।

## शब्द पहेली - 5507




**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5506 का हल



## सूडोकु नवताल- 5518

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5517 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# 'इंपैक्ट प्लेयर नियम' आईपीएल 2025 से होगा आउट ! शाह बोले- पुनर्विचार संभव

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है।


इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।

## प्रयोग के तौर पर लागू यह स्थायी नियम नहीं

*शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा, 'इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू*



*किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है। खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा। विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे। यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे।'*



## भारतीय खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं

*शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है। उन्होंने कहा, 'आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक आस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आएगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है।'*

## इम्पैक्ट प्लेयर रूल क्या है?

*बता दें कि आईपीएल 2023 में 'इम्पैक्ट प्लेयर रूल' आया था, लेकिन उससे पूर्व यह नियम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 में लागू हुआ था। इस नियम के तहत कोई भी टीम एक इम्पैक्ट प्लेयर को अपनी टीम में परिस्थिति के अनुसार शामिल करती है। आईपीएल में 'इम्पैक्ट प्लेयर रूल' के मुताबिक दोनों ही टीमों को प्लेइंग इलेवन के अलावा 5-5 सब्स्टीट्यूट प्लेयर का नाम देना होता है। इन्हीं पांच में किसी एक को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान में उतारा जाता है। इम्पैक्ट प्लेयर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही करता है। इम्पैक्ट प्लेयर के खेल में आने के बाद जो खिलाड़ी बाहर जाता है। उसका उपयोग पूरे मैच में नहीं किया जाता है।*

## ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

*बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था।*



*बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
634 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



हर्षल पटेल
20 विकेट
पंजाब

**बाउंड्री मीटर**

1846 चौके
1063 छक्के

## कप्तान गिल (104) और सुदर्शन (103) की दमदार शतकीय पारी

# सीएसके को 35 रन से हराकर गुजरात ने प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखी



भाषा ▶▶| अहमदाबाद

कप्तान शुभमन गिल (104) और साई सुदर्शन (103) की शतकीय पारियों और दोनों के बीच शुरुआती विकेट के लिए 210 रन की दमदार साझेदारी के के बाद मोहित शर्मा (चार ओवर में 31 रन तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 35 रन से हराया। गिल और सुदर्शन के बीच 210 रन की यह साझेदारी इस सत्र में किसी की विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी होने के साथ पहले विकेट के लिए आईपीएल की सबसे बड़ी साझेदारी के बराबर है।

इससे पहले लोकेश राहुल और क्विंटन डिकॉक ने 210 रन की साझेदारी की थी। गुजरात ने तीन विकेट पर 231 रन बनाने के बाद सीएसके को आठ विकेट पर 196 रन रोक दिया। गुजरात की यह 12 मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 10 अंक के साथ प्लेऑफ की दौड़ में अगर-मगर के फेर के साथ बनी हुई है। सीएसकी की 12 मैचों में यह छठी हार के बावजूद चौथे स्थान पर बरकरार है। डेरिल मिचेल (63) और मोईन अली (56) ने 57 गेंद में 109 रन की साझेदारी की सीएसके की उम्मीदें जतायी लेकिन मोहित शर्मा ने दोनों बल्लेबाजों को आउट कर सीएसके के खेमे की परेशानी बढ़ा दी। मिचेल ने 34 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये तो वहीं मोईन ने 36 गेंद में चार चौके और इतने ही छक्के लगाये। सीएसके के लिए महेंद्र सिंह धोनी ने 11 गेंद में नाबाद 26, शिवम दुबे ने 13 गेंद में 21 और रविंद्र जडेजा ने 10 गेंद में 18 रन का योगदान दिया लेकिन यह काफी नहीं था। इससे पहले गिल ने 55 गेंद की पारी में नौ चौके और छह छक्के लगाये तो वही सुदर्शन ने आईपीएल में अपनी पहली शतकीय पारी के दौरान 51 गेंद में पांच चौके और सात छक्के जड़े। दोनों बल्लेबाज पारी के 18 ओवर में तुषार देशपांडे (33 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में आउट हुए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरूआत काफी खराब रही। टीम ने तीसरे ओवर में 10 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिये। रचिन रविंद्र (एक) रन आउट हुए तो वही अजिंक्य रहाणे (एक) संदीप वॉरियर (28 रन पर एक विकेट) की गेंद पर राहुल तेवतिया को कैच देकर पवेलियन लैटे। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में खाता खोले बिना उमेश यादव (20 रन पर एक विकेट) की गेंद पर बाउंड्री पर राशिद खान को कैच दे बैठे। मिचेल और मोईन ने इसके बाद संभल कर खेलते हुए टीम को पावरप्ले में 43 रन तक पहुंचाया। पावरप्ले में टीम का इकलौता छक्का मिचेल ने वॉरियर के खिलाफ लगाया। मिचेल और मोईन ने सातवें ओवर में वॉरियर के खिलाफ एक-एक छक्का लगाकर टीम की रनगति को तेज करने की कोशिश की।

### गुजरात टाइटंस

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे | 103 |
| गिल का जडेजा बो देशपांडे | 104 |
| डेविड मिलर नाबाद | 16 |
| शाहरुख खान रन आउट | 02 |
| अतिरिक्त: 06 | |

**कुल योग:** (20 ओवर में तीन विकेट पर) 231 रन
**विकेट पतन:** 1-210, 2-213, 3-231
**गेंदबाजी:** सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

### सीएसके

| | |
|---|---|
| रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर | 01 |
| रचिन रविंद्र रन आउट | 01 |
| गायकवाड़ का राशिद बो उमेश | 00 |
| डेरिल मिचेल का शाहरुख बो मोहित | 63 |
| मोईन अली का नूर बो मोहित | 56 |
| शिवम दुबे का नूर बो मोहित | 21 |
| रविंद्र जडेजा का मिलर बो राशिद | 18 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 26 |
| मिचेल सेंटनर बो राशिद | 00 |
| शारदुल ठाकुर नाबाद | 03 |
| अतिरिक्त: | 07 |

कुल योग: (20 ओवर में आठ विकेट पर) 196 रन
**विकेट पतन:** 1-2, 2-2, 3-10, 4-119, 5-135, 6-165, 7-169, 8-169
**गेंदबाजी:** उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

## नाइट राइडर्स की नजरें प्लेऑफ का टिकट कटाने पर, प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी इंडियंस





एजेंसी ▶▶| कोलकाता

■ आईपीएल : मैच का प्रसारण आज स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7 .30 बजे

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा। दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरुख खान की टीम अपने गढ़ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरुआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरुआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ती, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेट कीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

### खबर संक्षेप



#### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम

**लंदन।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'मैं सत्र के अंत में अपना करियर समाप्त करने वाला हूं।' उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में अपना एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे।

#### ओलंपिक चयन के लिए ट्रायल आज से

**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37



पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिए टीम चुन सके।

#### चीनियों को हराने बेहतर रणनीति की जरूरत

**नई दिल्ली।** विश्व टेबल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनने वाली



मनिका बत्रा ने कहा कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों को लगातार हराने के लिए उन्हें रणनीति और फिटनेस के मोर्चे पर बेहतर होना होगा। सउदी अरब में खेले गए ग्रैंड स्मैश के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मनिका ने दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को शिकस्त दी थी।

## चोपड़ा दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे

भाषा ▶▶| दोहा

ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग मीट भाला फेंक स्पर्धा में 88.36 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने अपने आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन उनका प्रयास याकूब वालेश के विजयी प्रयास से दो सेंटीमीटर कम रह गया।

वह पूरी प्रतियोगिता के दौरान चेक गणराज्य के अनुभवी वालेश से पीछे रहे। वालेश ने तीसरे प्रयास में 88.38 मीटर के थ्रो के साथ खिताब जीता। चोपड़ा ने अपने आखिरी प्रयास में पूरा जोर लगाया लेकिन वह दो सेंटीमीटर से अपने खिताब का बचाव करने में विफल रहे। दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स ने 86.62 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरा पायदान पर रहें ।

इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय 28 साल के किशोर जेना का डायमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ। वह तीन दौर के थ्रो के बाद बाहर हो गए। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 76.31 मीटर रहा था। वह 10 प्रतियोगियों द्वारा तीन-तीन थ्रो के बाद नौवें स्थान पर रहे। जेना का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 87.54 मीटर है।

## सेंथिल, रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुआई करेंगी।



चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

# गोयनका पर भड़के शमी, कहा यह बात करने का तरीका नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है।

शमी ने 'क्रिकबज लाइव' पर कहा, 'करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। यह ध्यान रखना चाहिये कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। ऐसा नहीं है कि आप अचानक बात कर रहे हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं। आप ड्रेसिंग रूम या टीम होटल में ऐसा कर सकते थे। मैदान पर करना जरूरी नहीं था। ऐसी प्रतिक्रिया दे के कोई लाल किले पे झंडा तो नहीं गाड़ दिया आपने।'

## निशा दहिया महिला कुश्ती में देश के लिए पांचवां ओलंपिक कोटा पक्का करने में सफल रही

**इस्तांबुल।** निशा दहिया शुक्रवार को यहां विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में 68 किग्रा सेमीफाइनल में रोमानिया की एलेक्सांद्रा अनघेल को हराने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पांचवीं भारतीय महिला पहलवान बन गईं। यह पहली बार होगा जब हर चार साल में होने वाली प्रतियोगिता में भारत की पांच महिला पहलवान शामिल होंगी। निशा ने इससे पहले बेलारूस की युवा अलिना शाउचुक को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। फिर इस 25 साल की पहलवान ने चेक गणराज्य की कई यूरोपीय चैम्पियनशिप पदक विजेता एडेला हानजलिकोवा को 7-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। विश्व अंडर-23 कांस्य पदक विजेता और एशियाई चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता निशा ने 58वीं रैंकिंग की पहलवान के खिलाफ पहले पीरियड में 8-0 की बड़ी बढ़त बना ली थी। अगर वह इसमें जीत जाती हैं तो वह पेरिस कोटा हासिल करने वाली देश की पांचवीं महिला पहलवान बन जायेंगी।

## विराट ने 12 आईपीएल मैच में बनाए हैं 634 रन

# कोहली टी20 विश्व कप में करें पारी का आगाज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा, 'विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज



इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में



गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।'

### अब 250 रन का स्कोर बनते रहेंगे

आईपीएल के मौजूदा चरण में 250 रन का स्कोर आसानी से बन रहा है और 51 साल के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि भविष्य में भी यही चलन जारी रहेगा। गांगुली ने कहा, 'आने वाले वर्षों में भी यही चलन जारी रहेगा। टी20 अब ताकत का खेल बन गया है और ऐसा होना ही था। मैं संजू सैमसन की प्रतिक्रिया पढ़ रहा था जिसमें उन्होंने कहा कि आधुनिक टी20 में सुस्ताने की कोई जगह नहीं है। आपको सिर्फ हिट करना होता है और यह ऐसा ही रहेगा। अब हम आईपीएल में नियमित रूप से 240, 250 रन के स्कोर देख रहे हैं। इसका मुख्य कारण बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच भी है और भारत में मैदान भी इतने ज्यादा बड़े नहीं हैं। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स ने मिलकर 40 ओवर के मैच में 26 छक्के जड़े थे।'

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: नामालूम, पिता का नाम: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र:** 55 वर्ष, **लिंग:** पुरूष, **कद:** 5 फुट 8 इंच, **रंग:** गेहुँआ, **पहचान:** माथे के दाहिने तरफ एक कटे का निशान, **पहनावा:** सफेद व नीले रंग की धारीदार कमीज और पैजामा पहने है, को गली नं. 14 के समीप, ओमकार नगर बी, त्रि नगर, दिल्ली थाना केशव पुरम, दिल्ली के क्षेत्र में बेहोश पाया गया और दीप चन्द बंधु अस्पताल, दिल्ली में एमएलसी नं. 2228/24 द्वारा भर्ती कराया गया, दिनांक **26.04.2023** को इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में **DD No. 23A dated 26.04.2023** के तहत थाना केशव पुरम, दिल्ली, में रिपोर्ट दर्ज है। अगर किसी को इस शव के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृप्या निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना केशव पुरम, दिल्ली**
**DP/5511/NW/2024** फोन नं. 011- 27181325, 8750870223




## खबर संक्षेप

### चीन 'विशिष्ट मुद्दों' के समाधान के लिए तैयार



**बीजिंग।** भारत में चीन के नए राजदूत जू फीहोंग ने कहा है कि बीजिंग वार्ता के माध्यम से 'विशिष्ट मुद्दों' का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वह नई दिल्ली में अपनी पदस्थापना को द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए एक सम्मानजनक मिशन और एक पवित्र कर्तव्य के रूप में मानते हैं।

### सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िया गांव के जंगल में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। सीएम विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी। अब तक 12 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों और वरिष्ठ अधिकारियों को बधाई दी।

### मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक



**माले।** मालदीव ने भारत के सभी सैनिकों को निकाल दिया है। ये सभी भारत लौट चुके हैं। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव से हमारे सभी सैनिक देश वापस आ गए हैं। हम इस मुद्दे पर काफी समय से मालदीव से बात कर रहे थे। सैनिकों पर जो जिम्मेदारी थी उसे अब सिविलियन्स निभाएंगे।

### अहमदाबाद में बम की धमकी, पाक से जुड़े तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में सात मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर



कम से कम 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। यह ईमेल 6 मई को प्राप्त हुआ था, जहां पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मताधिकार का प्रयोग किया था। अहमदाबाद अपराध शाखा ने कहा, ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने तौहीद लियाकत बन सारे स्कूलों को भेजा था।

---

भारत-मोल्दोवा के बीच बनी सहमति

## राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा के राजदूत, असाधारण और पूर्णाधिकारी एना ताबन ने शुक्रवार को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह समझौता लागू होने के बाद, किसी भी देश के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के दूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति देगा। साथ ही, दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत और मोल्दोवा ने 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित किए।

### सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान

भारत और मोल्दोवा के बीच लोगों से लोगों के संबंधों को मजबूत करने में भूमिका निभाते हैं। इन आदान-प्रदानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक सहयोग, मोल्दोवन छात्रों के लिए भारत में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति और इसके विपरीत जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इस तरह की बातचीत से दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सद्भावना में योगदान होता है। भारत और मोल्दोवा के अधिकारियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया है। इन यात्राओं ने आपसी हित के क्षेत्रों पर चर्चा करने, सहयोग के रास्ते तलाशने और राजनयिक संबंधों को बढ़ाने के अवसर प्रदान किए हैं। दोनों देश अक्सर संयुक्त राष्ट्र और गुटनिरपेक्ष आंदोलन सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों और संगठनों में सहयोग करते हैं।

### राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट क्या हैं?

राजनयिक पासपोर्ट और आधिकारिक पासपोर्ट दोनों प्रकार के यात्रा दस्तावेज हैं, जो सरकारों द्वारा आधिकारिक उद्देश्यों के लिए विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं। राजनयिक पासपोर्ट राजनयिकों, उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों और आधिकारिक क्षमता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों, जैसे राजदूत, वाणिज्य दूत और राजनयिक कोरियर को जारी किया जाता है।

---

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा को जमकर सुनाया

# बोलने की आजादी का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता नहीं हो सकती

खालिस्तान के प्रति कथित तौर पर नरम रुख रखने वाले कनाडा को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्थान देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खालिस्तान के प्रति कथित तौर पर नरम रुख रखने वाले कनाडा को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्थान देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। विदेश मंत्री ने कहा कि बोलने की आजादी का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता से नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हम अच्छे संबंधों के लिए इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

**खास बातें**

- कनाडा में 18 लाख भारतीय प्रवासी और 10 लाख अनिवासी भारतीय
- कनाडा में वोट बैंक कानून से अधिक शक्तिशाली
- उग्रवाद और चरमपंथी ताकतों को खुला समर्थन कर रहे



### संदिग्ध पृष्ठभूमि वालों को अनुमति कैसे?

विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में, आप कल्पना करेंगे कि आप लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करेंगे, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आपके पास ऐसे लोग हैं जिनकी उपस्थिति बहुत ही संदिग्ध दस्तावेजों पर है, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह दर्शाता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य 10 लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं।

### मुख्य मुद्दा खालिस्तानी समर्थकों को छूट

डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को छूट देने का है। यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की राजनीति में आज प्रमुख पदों पर ऐसे लोग हैं जो वास्तव में उस तरह के अलगाववाद और उग्रवाद का समर्थन करते हैं।

### 10 वर्षों से यह चल रहा

*जयशंकर ने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। यह लगभग 10 वर्षों से चल रहा है। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उन्हें बोलने की आजादी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी बोलने की आजादी है। लेकिन बोलने की आजादी का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने की आजादी नहीं है, बोलने की आजादी का मतलब उन पदों और गतिविधियों से नहीं है जो कनाडा में लोग कर रहे हैं जिससे हमें नुकसान होता है।*

---

भारत को मिली बड़ी कूटनीतिक जीत

## ईरान के कब्जे वाले जहाज से 30 दिन बाद रिहा हुए पांच भारतीय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल से जुड़े हुए जहाज एमएसजी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था। ईरानी कमांडों के जरिए कब्जे में लिए जाने के एक महीने बाद जहाज पर सवार पांच भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। ये लोग अब ईरान से भारत के लिए रवाना हो गए हैं।

भारतीयों का रिहा होना भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। जहाज के क्रू मेंबर्स रहे इन लोगों को गुरुवार को रिहा किया गया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारतीयों की रिहाई की जानकारी दी। दूतावास ने बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद भी कहा है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि आज शाम



एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को रिहा कर दिया गया है। वो ईरान से चले गए हैं। हम बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ घनिष्ठ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं।

### 13 अप्रैल को ईरान ने जहाज पर किया था कब्जा

*ईरान ने 13 अप्रैल को इजराइल से जुड़े इस मालवाहक जहाज को जब्त किया था। इस जहाज में 17 भारतीय नागरिक सवार थे। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने इस जहाज को जब्त किया था। जहाज को आखिरी बार 12 अप्रैल को दुबई के तट से दूर होर्मुज जलडमरूमध्य की तरफ जाते हुए देखा गया था। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष एच. अमीर अब्दुल्लाहियन से फोन पर बात की थी और सभी 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई की मांग उठाई थी।*

---

प्रबंधन को लेकर हड़ताल पर थे चालक दल

## अब लौटने लगे एयर इंडिया के चालक, हालात सामान्य होंगे

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्य अब काम पर लौटने लगे हैं। केबिन क्रू की हड़ताल के कारण उड़ानों में काफी व्यवधान हुआ लेकिन अब हड़ताल वापस हो गई है। 3 दिन में 170 उड़ानों को रद्द कर दिया था। परिचालन पटरी पर लौटने लगा है। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिलाने में मदद कर रही है। कथित



कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों का एक वर्ग हड़ताल पर था। एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी भी खत्म कर दी है।

### फिर 75 फ्लाइट्स कर दी कैंसिल

एयर इंडिया एक्सप्रेस की चालक दलों के स्टाफ के साथ लगातार चल रहे रार का असर शुक्रवार को भी देखने को मिला। एयरलाइन को शुक्रवार को 75 फ्लाइट्स को कैंसिल करनी पड़ी। एयरलाइन को 3 दिन में लगातार फ्लाइट कैंसिल करने से तगड़ा झटका लगा है।

---

यौन उत्पीड़न मामला

## पीड़ित लड़की की 'काउंसलिंग' में पूरी तरह से निष्पक्षता हो: कोर्ट

एजेंसी ⏭ कोलकता

पश्चिम बंगाल में एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और



न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि हम चाहते हैं कि उस पीड़िता की 'काउंसलिंग' में पूरी निष्पक्षता हो। बंगाल सरकार ने कहा कि हम पूरी तरह से किसी भी तरह की सहायता के लिए तैयार हैं। भाषा की समस्या को देखते हुए स्थानीय 'काउंसलर' को मौका दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि हम सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए महिला की 'काउंसलिंग' का आदेश दे रहे हैं कि उसने व्यक्ति का चुनाव सोच-समझकर किया है।

---

आर्मी इंटेलिजेंस ने किया हनी ट्रैप का खुलासा

## गर्लफ्रेंड के लिए आईएसआई एजेंट बना युवक गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ पटना/मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड के लिए पाकिस्तानी जासूस बन गया। उसे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए युवक को हनी ट्रैप में फंसाया और उसके जरिए भारत की गुप्त सूचनाएं पाकिस्तान भेजी गईं। सीआईडी क्राइम ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले एक पाकिस्तानी जासूस को भरूच से



गिरफ्तार किया है। वहीं आर्मी इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के आधार पर अब गुजरात पुलिस की टीम, सीआईडी क्राइम और मुजफ्फरपुर पुलिस जिले में छापेमारी कर रही है।

---




---


साइबर अपराध से निपटने के लिए एकजुट हुईं सरकारी एजेंसियां

## धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट कर डिजिटल खतरों से बचाएंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साइबर अपराधों से निपटने के लिए सरकारी एजेंसियां समय-समय पर विभिन्न प्रकार के प्रयास करती रहती है। इसी दिशा में दूरसंचार विभाग (डीओटी), गृह मंत्रालय (एमएचए) और राज्य पुलिस साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक साथ आए। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। यह एकीकृत दृष्टिकोण सार्वजनिक सुरक्षा तथा दूरसंचार बुनियादी ढांचे की अखंडता की रक्षा करने और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति साझी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

**दूरसंचार विभाग, गृह विभाग और राज्य पुलिस साइबर अपराध साथ आए**



### धोखाधड़ी से बचाए चक्षु पोर्टल

*दूरसंचार विभाग ने इस साल 30 अप्रैल तक कुल 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे हैं। इनमें 30.14 लाख उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर और 53.78 लाख नए सिम कार्ड खरीदने की व्यक्तिगत सीमा पार करने के कारण काटे गए हैं। विभाग ने दो माह पहले चक्षु पोर्टल शुरू किया है। विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है।*

### 20 लाख नंबरों का उपयोग किया

*गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया था। डीओटी ने आगे विश्लेषण किया और पाया कि इन मोबाइल हैंडसेटों के साथ आश्चर्यजनक रूप से 20 लाख नंबरों का उपयोग किया गया था। विभाग ने देश भर के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया। इन मोबाइल हैंडसेटों से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों का तत्काल पुनः सत्यापन किया गया।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109